RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच



पेज 7 हाईवे से मिली अलीजेह को...

वर्ष : 25 | अंक : 335 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 01 दिसंबर, 2023 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# फिरोजाबाद का नया नाम होगा चंद्रनगर

## नगर निगम की बैठक में प्रस्ताव को मिली मंजूरी




**फिरोजाबाद ( एजेंसी )।** दुनिया भर में सुहाग नगरी और चूड़ियों के लिए मशहूर उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद शहर का नाम भी अब बदला जाएगा। फिरोजाबाद का नाम बदलने के प्रस्ताव को नगर निगम में पारित कर दिया गया है और अब इसे शासन को भेजा गया है। जहां से इस प्रस्ताव पर मोहर लगेगी।

उत्तर प्रदेश में स्थित जिलों के नाम बदलने की प्रक्रिया प्रदेश में योगी सरकार के बनने के बाद शुरूहुई है। योगी सरकार ने इससे पहले फैजाबाद का नाम बदलकर अयोध्या, इलाहाबाद का नाम बदलकर प्रयागराज किया गया है। इसके अलावा कुछ दिनों अलीगढ़ नगर निगम में भी अलीगढ़ का नाम बदलकर हरिगढ़ करने का प्रस्ताव पारित किया जा चुका है। इस प्रस्ताव को भी शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है।

सुहाग नगरी और चूड़ियों के लिए मशहूर फिरोजाबाद का नाम चंद्रनगर करने का प्रस्ताव नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में पारित किया गया है। 2 साल पहले जिला पंचायत की बैठक में भी यह प्रस्ताव पारित हो चुका है। नगर निगम की बैठक में 12 में कुल 11 कार्यकारिणी सदस्यों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। प्रस्ताव के पास होने के बाद इसे शासन को भेजा जाएगा जहां इस प्रस्ताव पर मोहर लगेगी।

# पूर्व उपराज्यपाल बने साइबर ठगों के शिकार, बैंक अकाउंट किया खाली

## इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से तीन बार में 2 लाख 28 हजार 360 रुपये निकाले

**नोएडा ( चेतना मंच )।** साइबर ठगों का हब बनते जा रहे नोएडा में देश के पूर्व रक्षा सचिव व पूर्व उपराज्यपाल भी सुरक्षित नहीं है। साइबर ठगों ने देश के एक पूर्व उप राज्यपाल को अपना शिकार बनाया है। ठगों ने पूर्व उप राज्यपाल का बैंक एकाउंट पूरी तरह से खाली कर दिया है।

साइबर ठगों ने नोएडा के सेक्टर 128 में स्थित कालिस्पो कोर्ट टावर 1



जेपी विश टाउन सोसायटी में रह रहे देश के पूर्व रक्षा सचिव तथा केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के पूर्व उपराज्यपाल राधाकृष्ण माथुर को ठगी का शिकार बनाया है। पूर्व उपराज्यपाल ने थाना सेक्टर 126 में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका एसबीआई दिल्ली के निर्माण भवन स्थित शाखा में बैंक अकाउंट है। उनके अकाउंट में इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से तीन बार में 2 लाख 28360 रुपये की ट्रांजैक्शन की गई। उनके खाते से पहले 1,34,999 रुपये, दूसरी बार में 33,564 रुपये तथा तीसरी बार में 59,800 रुपये निकाले गए। बैंक से ईमेल और एसएमएस आने पर उन्हें अपने साथ हुई ( शेष पृष्ठ-3 पर )

# नोएडा कमिश्नरेट की पेरिस में तारीफ

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के नोएडा (गौतमबुद्धनगर) पुलिस कमिश्नरेट के एक कार्य की सात समुंदर पार पेरिस में खूब तारीफ हो रही है। बकायदा पेरिस में स्थित पीएम मिनिस्टर काउंसलर एंबेसी ऑफ़ इंडिया ने नोएडा कमिश्नरेट की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह को पत्र लिखकर नोएडा कमिश्नरेट पुलिस की जमकर तारीफ की है।

दरअसल पेरिस में स्थित पीएम मिनिस्टर काउंसलर एंबेसी ऑफ़ इंडिया पेरिस से बीते 23 नवंबर को नोएडा कमिश्नरेट पुलिस को एक दु:खद सूचना प्राप्त हुई थी। पेरिस में प्राइवेट जॉब कर रहे जितेंद्र सिंह निवासी सी-185, सेक्टर-26, थाना सेक्टर 20 की दुखद मृत्यु के बारे में जब नोएडा कमिश्नरेट पुलिस को सूचना दी गई तो पुलिस ने उपरोक्त पते पर परिजनों से संपर्क करने का प्रयास किया। एसीपी रजनीश वर्मा के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई ( शेष पृष्ठ-3 पर )

# 'सुरंग में फंसने के बावजूद हिम्मत नहीं हारी'

## सीएम योगी से मिले यूपी के आठ मजदूर

**लखनऊ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज उत्तरकाशी सुरंग हादसे में बचाए गए उत्तर प्रदेश के 8 मजदूरों से अपने सरकारी आवास पर मुलाकात की और उनसे बातचीत की। इस दौरान बचाए गए मजदूरों ने अपनी कहानी मुख्यमंत्री के सामने बयां की। उन्होंने कहा कि 16 दिनों तक उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। उन्हें पूरी उम्मीद थी कि सभी मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया जाएगा।

सब जानते हैं कि उत्तराखंड के उत्तकाशी की सिलक्यारा सुरंग में 17 दिनों से फंसे 41 श्रमिकों को मंगलवार को बाहर निकाल लिया गया था। प्राथमिक



चिकित्सकीय देखरेख के बाद मजदूरों को उनके घरों में भेजा जा रहा है। यूपी के मजदूरों का एक ऐसा ही समूह आज सुबह 6 बजे लखनऊ पहुंचा। यूपी के अलग-अलग जिलों के 15 मजदूर यहां पहुंचे। ( शेष पृष्ठ-3 पर )

# फांसी के फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** इलाहाबास गांव में बीती रात्रि एक महिला संदिग्ध अवस्था में अपने घर में फांसी के फंदे पर लटकी मिली। थाना फेस-2 पुलिस पारिवारिक विवाद के कारण महिला द्वारा आत्महत्या करने की बात कह रही है।

इलाहाबास गांव में रजत पीलवान अपने परिवार के साथ रह रहे हैं। बीती रात्रि जब वह अपने घर पहुंचे तो उन्हें अपनी पत्नी रीना पीलवान कमरे में फांसी के फंदे पर लटकी मिली। उन्होंने पड़ोसियों की मदद से रीना को फंदे से उतारा।



लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची थाना फेस-2 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्रित किए।

थाना प्रभारी का कहना है कि प्रारंभिक जांच ( शेष पृष्ठ-3 पर )

# प्रसिद्ध साहित्यकार के घर में चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-11 में रहने वाले प्रसिद्ध साहित्यकार के घर में चोरों ने सेंध लगाकर जेवरात, नकदी, घरेलू सामान तथा बॉथरूमों से टोटियां चोरी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर थाना सेक्टर-24 पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। सेक्टर-11 एच ब्लॉक में रहने वाले साहित्यकार डॉ सुधांशु चतुर्वेदी ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह गुरुवार की सुबह अपने बेटे अमृतांशु चतुर्वेदी के साथ किसी कार्य से दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट गए थे। शाम के समय जब वह घर लौटे तो उन्हें ताला टूटा हुआ मिला। घर के भीतर जाने पर सभी सामान बिखरा पड़ा हुआ मिला। चोर उनके घर से ( शेष पृष्ठ-3 पर )

# भाजपा संगठन में पद पाने वालों की उम्मीदों पर फिरा पानी, पुराने ही होंगे रिपीट

**नोएडा ( गौतमबुद्धनगर )।** में भारतीय जनता पार्टी के संगठन विस्तार का पार्टी के नेता बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लेकिन भाजपा संगठन में पद पाने की चाह रखने वालों की उम्मीदों पर प्रदेश आलाकमान के एक निर्देश ने पानी फेर दिया है। सूत्रों के मुताबिक अगले वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी आलाकमान कोई रिस्क नहीं लेना चाहती।



- **संगठन में 30 फीसदी नये पदाधिकारी होंगे नियुक्त**

नोएडा (गौतमबुद्धनगर) में संगठन विस्तार को लगातार टाला जा रहा है। अभी हाल ही में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में प्रदेश के सभी जिला व महानगर अध्यक्षों की बैठक हुई थी। बैठक में लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर खासतौर से मंत्रणा की गई। मंत्रणा के बाद पार्टी संगठन में कई बड़े अंदरूनी फैसले किये गये हैं। इन फैसलों से सभी जिलों के जिला अध्यक्षों व महानगर अध्यक्षों को अवगत करा दिया गया है।

सूत्रों के मुताबिक प्रदेश आलाकमान ने जिला व महानगर अध्यक्षों को निर्देश दिये हैं कि नये संगठन विस्तार में केवल 30 प्रतिशत ही नये लोगों को पद दिये जाएं। बाकी पदों पर पुराने पदाधिकारियों को ही रिपीट किया जाए। ( शेष पृष्ठ-3 पर )

## नोएडा में मंडल अध्यक्षों पर है तकरार

"नोएडा महानगर में भाजपा मंडल अध्यक्षों की तैनाती को लेकर तकरार पहले ही सामने आ चुकी है। नोएडा में 8 मंडल हैं और अभी तक चार मंडलों में ही अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। जबकि चार मंडलों के अध्यक्ष पद को लेकर पेंच फंसा हुआ है। ऐसे में प्रदेश आलाकमान के इस निर्देश के बाद नोएडा के मंडल अध्यक्षों पर फंसे पेंच का भी जल्द हल निकल सकता है। वहीं जिला व महानगर में पदाधिकारियों की नियुक्ति भी जल्द हो सकती है।

# महिला उद्यमी के पीछे पड़ा पूर्व कर्मी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-63 में एक महिला उद्यमी ने अपने पूर्व कर्मी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। महिला उद्यमी का आरोप है कि पूर्व कर्मी फोन कर उनके साथ अश्लील बातें कर रहा है। सेक्टर-63 में फैक्ट्री चलाने वाली रजनी मिश्रा (काल्पनिक नाम) ने पुलिस को की शिकायत में बताया कि सितंबर माह में उसने फैक्ट्री में काम के लिए सनी नामक युवक को रखा था। एक दिन काम करने के बाद सनी ने काम करने से मना कर दिया और अपना एक दिन का वेतन लेकर चला गया। पिछले कुछ दिनों से सनी लगातार उसे फोन कर अश्लील बातें कर रहा है। इस पर उसने सनी का मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया जिसके बाद वह दूसरे नंबर से उन्हें कॉल कर परेशान करने लगा। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर उक्त युवक के खिलाफ छेड़छाड़ व अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# ठगबाज सेकेंडों में खाली कर देंगे जेब

## सोशल साइड पर दोस्त बनकर ठगा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सोशल मीडिया पर अगर कोई व्यक्ति आपका दोस्त अथवा रिश्तेदार बनकर जरूरत बताते हुए पैसे की मांग कर रहा है तो एक बार पड़ताल अवश्य कर लें। ऐसा ना हो कि दोस्त व रिश्तेदार बनकर कोई साइबर ठग आपको अपना शिकार बना ले। ऐसा ही एक मामला थाना सेक्टर-126 क्षेत्र में प्रकाश में आया है। यहां साइबर ठग ने एक व्यक्ति को उसका दोस्त बताते हुए उससे 7 हजार रूपए ट्रांसफर करा लिए। शरीफ हुसैन ने पुलिस को की शिकायत में बताया कि बीते 6 नवंबर को उसके इंस्टाग्राम आईडी पर एक एक फेक आईडी से मैसेज आया। मैसेज करने वाले ने खुद को उसका दोस्त बताते हुए पैसों की जरूरत बताई। उक्त व्यक्ति ने उसे अर्जेंट 12000 रूपये ट्रांसफर करने की बात कही। इंस्टाग्राम पर हुई चैटिंग के दौरान उसने कई ऐसी बातें बताई जो दोनों दोस्तों के बीच होती थी। शरीफ हुसैन के मुताबिक उक्त व्यक्ति की बातों में आकर उसने गूगल पे पर 6900 रूपये ट्रांसफर कर दिए। पैसे ट्रांसफर करने के बाद जब उसने अपने दोस्त से संपर्क किया तो उसने बताया कि उसने कोई पैसे नहीं मांगे हैं। ठगे जाने का एहसास होने पर जब उसने उक्त आईडी पर संपर्क करने ( शेष पृष्ठ-3 पर )



## डेबिट कार्ड बदलकर शोरूम में की शॉपिंग

**नोएडा ( चेतना मंच )।** मदद करने के बहाने जालसाज ने एक व्यक्ति का डेबिट कार्ड बदल दिया। बदले गए डेबिट कार्ड की मदद से जालसाज ने 30 हजार रूपए की शॉपिंग भी कर ली।

पीड़ित ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ थाना सेक्टर-39 में मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम तुस्यिाना निवासी रामनिवास पुत्र बदले सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह 27 नवंबर को अपनी दवाई लेने के लिए नोएडा रूलर मेडिकल सेंटर सलारपुर आया था। यहां पर एक व्यक्ति ने उसकी मदद करने के बहाने उसे डेबिट कार्ड ले लिया। उक्त व्यक्ति ने बड़ी चालाकी से उसका डेबिट कार्ड बदलकर उसे दूसरा कार्ड थमा दिया और मौके से चला गया। कुछ देर बाद उसके मोबाइल पर सेक्टर-104 स्थित एडीडास के शोरूम से खरीदारी करने का मैसेज आया। जालसाज ने उसके डेबिट कार्ड से 30 हजार रूपए की शॉपिंग की।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जिस शोरूम से शॉपिंग की गई है वहां की सीसीटीवी फुटेज निकलवा कर आरोपी की तलाश करने का प्रयास किया जा रहा है।

# विजय रावल ने संभाला उप महाप्रबंधक (सिविल) का अतिरिक्त प्रभार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक विजय रावल को उप महाप्रबंधक (सिविल) का प्रभार सौंपा गया है। उन्होंने आज विधिवत यह प्रभार संभाल लिया है।



विजय रावल वर्तमान में जन स्वास्थ्य खंड-1 के प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक तथा वर्क सर्किल-2 के प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक एवं खेल समिति/नोएडा स्पोर्ट्स ट्रस्ट की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। अब उनको उप महाप्रबंधक (सिविल) का प्रभार भी सौंप दिया गया है। मालूम हो कि उप महाप्रबंधक सिविल श्रीपाल भाटी को शासन द्वारा सस्पेंड किए जाने के बाद यह पद रिक्त चल रहा था। ( शेष पृष्ठ-3 पर )

## सीईओ ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत पांच तालाब चिन्हित करने के दिए निर्देश

# ग्रेटर नोएडा के तालाबों से निकालेंगे गंदगी

- **एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने लड़पुरा गांव के तालाब का लिया जायजा**

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले तालाबों के जीर्णोद्धार का कार्य तेजी से चल रहा है। अब प्राधिकरण तकनीकों का इस्तेमाल कर इन तालाबों के पानी को स्वच्छ बनाने की कोशिश में जुट गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने पायलट प्रोजेक्ट के रूप में पांच तालाबों को चिंहित कर काम शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने बृहस्पतिवार को लड़पुरा स्थित दो तालाबों का निरीक्षण किया। इन तालाबों से ही इस मुहिम की शुरुआत की जाएगी।

एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने बताया



कि ग्रेटर नोएडा के सभी तालाबों की सफाई और सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। एक तरफ तालाबों में गंदगी को साफ किया जा रहा है तो दूसरी तरफ गंदगी को तालाबों में जाने से रोकने पर भी काम चल रहा है। इसके साथ ही अब इन तालाबों के पानी को स्वच्छ बनाने के लिए भी प्लान तैयार किया जा रहा है। इन सीटू वेटलैंड, ओजोमाइजेशन, फ्लोटिन आइलैंड व एरिएशन तकनीकों का इस्तेमाल कर तालाबों के पानी को स्वच्छ बनाने की कोशिश की जाएगी। इन तकनीकों के इस्तेमाल से पानी के खराब वैक्टीरिया को खत्म किया जाएगा और ऑक्सीजन लेवल को बढ़ाया जाएगा। तालाबों के चारों ओर पौधरोपण भी किया जाएगा। इस काम में ग्रेटर नोएडा के पर्यावरणविद् की भी मदद ली जाएगी।

एसीईओ ने बताया कि इसी सिलसिले में वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार और प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक मनोज सचान के साथ बृहस्पतिवार को लड़पुरा के तालाबों का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के रूप में पांच तालाबों को चिंहित कर जल्द काम शुरू कराया जाएगा।

## श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पूर्व

# आज शाम नोएडा आएगी अक्षत कलश यात्रा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पूर्व आमंत्रण के लिए अयोध्या से पूजित अक्षत पीले चावल कलश यात्रा आज शाम को नोएडा पहुंचेगी।

यह कलश यात्रा मेरठ प्रांत से चलकर आज नोएडा के सेक्टर-62 पहुंचेगी। यहां से विभिन्न मार्ग होते हुए ढोल-नगाड़ों ( शेष-3 पर )

# प्रशासनिक देरी

अपनी प्राथमिकताओं के आधार को पुख्ता करते हुए हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सुशासन की पगडंडियों पर चलने की कोशिश कर रहे हैं। इसी उद्देश्य से राजस्व विभाग के कामकाज के लक्ष्य निर्धारित किए जा चुके हैं और आगामी राजस्व अदालतों के आयोजन से यह तसदीक होगा कि सरकार जमीन की अड़चनों को फाइलों से किस स्तर तक आजाद करवा पाती है। कम से कम एक वातावरण तो बन रहा है, लेकिन ढर्रा बदलने के लिए अंतिम छोर का मुआयना आवश्यक है। अकसर बड़ी घोषणाएं राजधानी में तो गूंज पैदा करती हैं, लेकिन फील्ड में समाज के आंसू इंतजार में सूख जाते हैं। इससे पहले भी धूमल सरकार ने प्रशासनिक कार्यों को लेकर गारंटी योजना चलाई थी, लेकिन जहां चूलें ढीली हैं वहां बड़े बदलाव की जरूरत रहेगी। बहरहाल तहसील स्तर की राजस्व अदालतें पीड़ित लोगों के लिए राहत का पैगाम हैं ही और अगर इनकी निरंतरता में काम होने लगेगा, तो सफलता के मानदंड भी स्थापित होंगे। मुख्यमंत्री हमीरपुर मेडिकल कालेज को राष्ट्रीय कैंसर संस्थान की उपाधि में अपने संकल्प को दस्तावेजी बना रहे हैं और यह भी चिकित्सा क्षेत्र का एक सुखद पहलू हो सकता है, लेकिन इसी के साथ उस निरीक्षण-परीक्षण की जरूरत है जो घोषणाओं के लबादे के नीचे निरकुंश भाव से आधारभूत सुविधाओं के प्रति निरंतर लापरवाह होता जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आते ही प्रदेश की इमर्जेंसी सेवाओं को चुस्त दुरुस्त करने का वादा किया था, लेकिन हकीकत के पांव आज भी भटके हुए हैं। हम स्वास्थ्य सेवाओं की परिक्रमा में घूम रहे हैं और इनसे आजिज मरीज निजी अस्पतालों की शरण में पहुंच जाते हैं। अस्पतालों में मौत एक ऐसी कहानी है जिसे दुखांत से बचाया जा सकता है, बशर्ते इमर्जेंसी सेवाएं दिन-रात जागकर इस भाव से काम करें। मेडिकल कालेजों की स्थापना के बाद निचले स्तर यानी क्षेत्रीय, जोनल व सिविल अस्पतालों का इमर्जेंसी ढांचा लचर हो गया है। ये संस्थान केवल रेफरेंस की पुडिया बन गए हैं। यहां इमर्जेंसी उसी एंबुलेंस को वापस मेडिकल कालेज की तरफ रवाना कर देती है। जिला स्तर के अस्पताल इमर्जेंसी में आए मरीजों को न तो आंतरिक रोगी मान कर आगे का उपचार कर रहे हैं और न ही तीमारदारों को पूरी तरह चिकित्सा सलाह दे पा रहे हैं। भले ही हम राष्ट्रीय चिकित्सा के पैमानों में चिकित्सा संस्थान खड़े कर दें, लेकिन मौत के हाथों जिंदगी बचाने के लिए एक सतर्क व सक्षम प्रणाली विकसित करने के लिए अभिप्राय बदलना होगा। स्वास्थ्य विभाग की इमारतों के भीतर जिस माहौल की अपेक्षा है, उसके लिए सतत प्रयास करना होगा। हिमाचल सरकार पर्यटन की दृष्टि से सहूलियतों में इजाफा करने की मंशा जाहिर कर रही है और इसी परिप्रेक्ष्य में हेलिपोर्ट विकास की रूपरेखा बन रही है। मुख्यमंत्री पर्यटन के मानचित्र में कई रंग भरना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए हर विभाग और मंत्रालय का समन्वय स्थापित करने के लिए योजनाओं के मूल सिद्धांत भी इनसे जुडने चाहिएं। हिमाचल में विद्युत, जलशक्ति, पीडब्ल्यूडी, वन, पर्यटन, परिवहन, भाषा-संस्कृति तथा जनसंपर्क विभागों के बीच तालमेल की नई परिपाटी विकसित करनी होगी। हाईड्रो पॉवर नीति के साथ पर्यटन जोडक़र हम हिमाचल की विशिष्टता दर्शा सकते हैं, तो छोटे-छोटे चैक डैम व सिंचाई परियोजनाओं को पर्यटन आकर्षण के साथ नत्थी कर सकते हैं। हाई-वे पर्यटन की दृष्टि से तमाम सडक़ों के छोर अपनी भूमिका में सैलानियों के विश्राम की सुविधाएं जोड़ सकते हैं। शहरी एवं ग्रामीण विकास विभागों को स्थानीय निकायों के साथ मिल कर पर्यटन सुविधाओं में इजाफा करना चाहिए, जबकि मनरेगा योजना का अधिकतम उपयोग पर्यटन अधोसंरचना के विविध पहलुओं से जुड़ सकता है। बहरहाल प्रदेश सरकार चाय पर्यटन की दिशा में सोचने लगी है। असम राज्य ने पिछले एक दशक में चाय पर्यटन की विविधता में मनोरंजन व सुकून से लबरेज पैकेज सैलानियों को दिए और इसी तरह हिमाचल के कांगड़ा व मंडी के क्षेत्रों में नए आकर्षण पैदा किए जा सकते हैं।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि बालक तोता-मैना को पढ़ाते हैं कि कहो-राम रघुपति जनपालक। राजद्वार सब प्रकार से सुंदर है। गलियाँ, चौराहे और बाजार सभी सुंदर हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**बाजार रुचिर न बनइ बरनत बस्तु बिनु गथ पाइए।**
**जहँ भूप रमानिवास तहँ की संपदा किमि गाइए॥**
**बैठे बजाज सराफ बनिक अनेक मनहुँ कुबेर ते।**
**सब सुखी सब सच्चरि सुंदर नारि नर सिसु जरठ जे॥**

सुंदर बाजार है, जो वर्णन करते नहीं बनता, वहाँ वस्तुएँ बिना ही मूल्य मिलती हैं। जहाँ स्वयं लक्ष्मीपति राजा हों, वहाँ की संपत्ति का वर्णन कैसे किया जाए? बजाज (कपड़े का व्यापार करने वाले), सराफ (रुपए-पैसे का लेन-देन करने वाले) आदि वणिक? (व्यापारी) बैठे हुए ऐसे जान पड़ते हैं मानो अनेक कुबेर हों, स्त्री, पुरुष बच्चे और बूढ़े जो भी हैं, सभी सुखी, सदाचारी और सुंदर हैं॥

**दो0-उत्तर दिसि सरजू बह निर्मल जल गंभीर।**
**बाँधे घाट मनोहर स्वल्प पंक नहिं तीर॥**

नगर के उत्तर दिशा में सरयूजी बह रही हैं, जिनका जल निर्मल और गहरा है। मनोहर घाट बँधे हुए हैं, किनारे पर जरा भी कीचड़ नहीं है॥

**दूरि फराक रुचिर सो घाटा। जहँ जल पिअहिं बाजि गज ठाटा॥**
**पनिघट परम मनोहर नाना। तहाँ न पुरुष करहिं अस्नाना॥**

अलग कुछ दूरी पर वह सुंदर घाट है, जहाँ घोड़ों और हाथियों के ठट्ट के ठट्ट जल पिया करते हैं। पानी भरने के लिए बहुत से (जनाने) घाट हैं, जो बड़े ही मनोहर हैं। वहाँ पुरुष स्नान नहीं करते॥

**राजघाट सब बिधि सुंदर बर। मज्जहिं तहाँ बरन चारिउ नर॥**
**तीर तीर देवन्ह के मंदिर। चहुँ दिसि तिन्ह के उपबन सुंदर॥**

राजघाट सब प्रकार से सुंदर और श्रेष्ठ है, जहाँ चारों वर्णों के पुरुष स्नान करते हैं। सरयूजी के किनारे-किनारे देवताओं के मंदिर हैं, जिनके चारों ओर सुंदर उपवन (बगीचे) हैं॥

**कहुँ कहुँ सरिता तीर उदासी। बसहिं ग्यान रत मुनि संन्यासी॥**
**तीर तीर तुलसिका सुहाई। बृंद बृंद बहु मुनिन्ह लगाई॥**

नदी के किनारे कहीं-कहीं विरक्त और ज्ञानपरायण मुनि और संन्यासी निवास करते हैं। सरयूजी के किनारे-किनारे सुंदर तुलसीजी के झुंड के झुंड बहुत से पेड़ मुनियों ने लगा रखे हैं॥

(क्रमश:...)

# सिलक्यारा सुरंग की घटना से सरकारें लें सबक

*खान या सुरंग में मजदूरों के फंसने की घटनाएं देश ही नहीं दुनियाभर में होती रहती हैं। कभी पहाड़ के धंसने से और कभी खदानों में पानी भरने से भीषण हादसे होते रहते हैं। जहां विकास की गंगा बहती है, वहां विनाश की संभावना से नकारा नहीं जा सकता।*

दृढ़ इच्छाशक्ति, लगन, उम्मीद, सकारात्मकता और हौसले की ताकत ने मिलकर आखिर प्रकृति के साथ लड़ी 17 दिन की जंग में जिन्दगी को विजयी बना दिया। सिलक्यारा सुरंग में आठ राज्यों के 41 मजदूरों को सकुशल जिन्दा निकाल लेने के 400 घंटों तक चले संघर्ष में जीत इंसान के चट्टानी हौसले के नाम दर्ज हुई। उत्तरकाशी टनल में फंसे इन सभी मजदूरों को जब मंगलवार रात सुरक्षित निकाला गया, तो देश ने राहत की सांस ली और दीपावली मनाई। यह बचाव अभियान प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय बना है। जिसमें विज्ञान में विश्वास एवं आस्था ने मनोबल दिया। दीपावली के दिन से टनल में फंसे मजदूरों का सुरक्षित बाहर आना किसी चमत्कार से कम नहीं माना जा सकता। बचाव अभियान में हर मोड़ पर आती बाधाओं से बार-बार निराशा एवं नाउम्मीदी के बादल छाए जरूर, लेकिन बचाव दल के अथक प्रयास आखिर में रंग ले ही आए। बजाव कार्य में जुटे जाम्बाज राहत कर्मियों का भरोसा, केन्द्र एवं राज्य सरकार की पूरी ताकत एवं पूरे देश की प्रार्थनाओं का ही असर था जो डर, निराशा और दुश्चिंताओं को दूर करने का हौसला बराबर देता रहा।



17 दिन तक संकटकालीन स्थितियों में मजदूरों को जीवित रखने की चुनौती वाकई बहुत बड़ी थी, जिस पर पूरी दुनिया की नजरें लगी थीं। मजदूरों तक ऑक्सीजन और भोजन पानी पहुंचाना भी आसान नहीं था। तरह-तरह की बाधाओं एवं तकलीफों के बीच जिन्दगी बचाने की मुहिम निश्चित ही एक रोशनी बनी। इसमें सुरंग में फंसे मजबूरों ने जहां हर तरह से जिजीविषा एवं बहादुरी का परिचय दिया, वहीं बचाव कार्य में जुटे वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों, तकनीकी जानकारों एवं कर्मियों ने दिन-रात एक करके एक उदाहरण प्रस्तुत किया। यह बचाव अभियान एवं इसकी सफलता ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय उदाहरण बनकर प्रस्तुत हुआ है। दुविधा एवं मौत की सुरंग में कैद हुए मजदूरों को संकट से आजादी मिली, लेकिन सिलक्यारा की इस घटना ने अनेक सवाल भी खड़े किए हैं। सवाल यह है कि एक प्लान के विफल होने पर दूसरा और आगे के विफल होने पर ही तीसरा, चौथा, पांचवां प्लान क्यों बना? क्या पांच प्लान पहले ही तैयार नहीं हो सकते थे?

बीते दो दशकों में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क-क्रांति ने विकास की नई इबारत लिखी है, चारधाम सड़क परियोजना, पहाड़ी क्षेत्रों एवं दुर्गम्य स्थलों में भी यातायात सुगम करने के लिए पहाड़ खोदकर टनल बनाए जा रहे हैं, जिनमें दुर्घटनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। प्रश्न है कि संभावित दुर्घटनाओं से बचने के आवश्यक उपकरण क्यों नहीं जुटाये गये? मलबा हटाने के लिए अमेरिका से क्यों मशीन मंगवानी पड़ी, भारत में ऐसी मशीनों की उपलब्धता क्यों नहीं है? ऐसी विपत्तियों एवं संकटों से उबरने की हमारी तैयारी आत्म-निर्भर एवं स्वावलम्बी क्यों नहीं बनायी जाती? क्यों नहीं अपने देश में जगह-जगह बढ़ती सुरंग परियोजना को देखते हुए एक ऐसे राष्ट्रीय संस्थान खड़ा किया जाता जो बिना भ्रष्टाचार एवं कोताही में लिप्त हुए निर्माणाधीन परियोजनाओं का हर वर्ष तकनीकी ऑडिट करे, जैसा कि सरकारी संस्थानों में वित्तीय ऑडिट होता है। तब हम ऐसे हादसों को रोक पाएंगे।

हिमालय जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में ऐसी बड़ी सड़क परियोजनाओं एवं अन्य निर्माण कार्यों की इजाजत देने से पहले उस पर व्यापक मंथन-अनुसंधान-जांच एवं शोध की अपेक्षा है। किस तरह के निर्माण कार्यों की इजाजत दी जाए और किस तरह के काम को नहीं, यह भी समझना एवं एक रोडमैप बनाना होगा। पर्यावरणविद और भूविज्ञानी ऐसे निर्माण कार्यों को पर्यावरण के लिये गंभीर खतरा मानते रहे हैं, ऐसे लोग लंबे समय से कहते आ रहे हैं कि हिमालय एक कच्चा पहाड़ है, वहां बड़ी परियोजनाओं को अनुमति देने से पहले सब तरह की जांच कर लेनी चाहिए। संभावित खतरों पर संवेदनशीलता से चिन्तन करना चाहिए। उत्तरकाशी के सिलक्यारा में बन रही सुरंग में भी यह बात सामने आई है कि इस जगह के आसपास दो स्थानीय फॉल्टों की उत्तर से दक्षिण तक कटान है। क्या इस सुरंग को बनाने से पहले इसका अध्ययन नहीं किया गया था? बचाव कार्य के लिए यहां आए विदेशी सुरंग विशेषज्ञों ने शेयर जोन की बात कही। शेयर जोन उसे कहते हैं, जिसके आसपास से दो नदियां एक-दूसरे को क्रॉस करती हैं। भूकंप जोन होने से भी ऐसे इलाकों में भू-धंसान की समस्या आती है। खुदाई करने वाले कई मजदूरों ने भी इस बात को रेखांकित किया एवं चेताया कि सुरंग से बार-बार धसकते मलबे की समस्या है, मगर उस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। प्रश्न है कि कौन लोग इस उपेक्षा के लिये जिम्मेदार हैं। इसलिए यहां इन्फ्रास्ट्रक्चर को लेकर संवेदनशीलता की जरूरत है।

खान या सुरंग में मजदूरों के फंसने की घटनाएं देश ही नहीं दुनियाभर में होती रहती हैं। कभी पहाड़ के धंसने से और कभी खदानों में पानी भरने से भीषण हादसे होते रहते हैं। जहां विकास की गंगा बहती है, वहां विनाश की संभावना से नकारा नहीं जा सकता। लेकिन हमें संभावित खतरों पर अधिक गंभीर होने की अपेक्षा है। मैदानी इलाकों में ही नहीं, उच्च हिमालयी क्षेत्र में भी सड़क, रेल और जलविद्युत परियोजनाओं तक के लिए सुरंगों का जाल बिछाया जा रहा है, क्योंकि सुरंगों को बहुत अच्छा विकल्प माना जाता है। क्या सुरंगें वाकई बेहतर विकल्प हैं? कैसे हो रहा है उनका निर्माण? इन प्रश्नों पर व्यापक मंथन की अपेक्षा है। ऐसा नहीं है कि भारत में ऐसी परियोजनाएं हर जगह ऐसी दुर्घटनाओं की शिकार हुई है। कोंकण रेलवे और दिल्ली मेट्रो की कई जटिल सुरंगों पर सफलतापूर्वक काम हुआ है। उत्तराखंड मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के डायरेक्टर एंड प्लानिंग बृजेश मिश्रा के अनुसार, सुरंग परियोजना में सबसे अहम जियो टेक्निकल इंवेस्टिगिशेन होता है, इसी से तय होता है कि सुरंग खुदाई के बाद कितनी देर तक टिक पाएगी। निर्माण के दौरान कोई बड़ा अवरोध या खतरा तो नहीं होगा। साथ ही, इसे किस तरह के ट्रीटमेंट की जरूरत है, पर दुर्गम पहाड़ में कई बार जांच उपकरण अधिक ऊंचाई तक ले जाना मुश्किल हो जाता है और जियो टेक्निकल इंवेस्टिगिशेन पर समग्रता से कार्य नहीं होता। कई बार राजनीतिक कारणों से जल्द काम निपटाने के दबाव में सुरंग के मुहाने पर किए गए अध्ययन के आधार पर ही काम शुरू कर दिया जाता है, जो बाद में बहुत भारी पड़ता है। ऐसे मामलों में बहुत कारगर कथन है कि सावधानी हटी और दुर्घटना घटी। उत्तराखंड सुरंग हादसे में शायद ऐसा ही हुआ।

सिलक्यारा की घटना से एक तथ्य और सामने आया है कि ऐसे बचाव कार्य के लिए कोई पक्की योजना हमारे पास नहीं है। इसी वजह से विदेश से मदद लेनी पड़ी। अच्छा यही होगा कि इस घटना से सबक लेकर इस तरह के बचाव कार्य की पुख्ता प्रक्रिया और सामर्थ्य देश के पास हो ताकि आने वाले वक्त में इस तरह का बचाव कार्य जल्द से जल्द और बिना किसी बाधा के पूरा किया जा सके। इस हादसे से सबक लेते हुए आपदा प्रबंधन कार्यों को आधुनिक रूप देने के लिए हर संभव उपाय किए जाने चाहिए। विदेशों से हम तकनीक के मामले में मदद लेते रहते हैं। इस क्षेत्र में भी विदेशों से तकनीकी ज्ञान हासिल करने के साथ इंजीनियरों के प्रभावी प्रशिक्षण की भी समुचित व्यवस्था नियमित रूप से होनी चाहिए। विशेषज्ञों की मानें, तो अब भारत में सुरंग निर्माण पहले से कहीं ज्यादा चाक-चौंबद हो जाएगा। सिलक्यारा में सत्रह दिन के अंधेरे के बाद आई नई सुबह से भले ही हर भारतीय खुश हुआ होगा, लेकिन असली खुशी तो तब होगी जब ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। सिलक्यारा हादसे से नकारात्मक नजरिया बनाने की जरूरत नहीं है, बल्कि तय सुरक्षा प्रोटोकॉल को और सख्ती से लागू किए जाने की जरूरत है। निश्चित ही अपने बुलंद हौसलों के कारण सिलक्यारा बचाव अभियान में हम कामयाब होकर पूरी दुनिया के सामने एक प्रेरणा बन गए हैं।

**-ललित गर्ग**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)**

# एड्स न फैले ऐसे उपाय अपनाएं

**विश्व एड्स दिवस**

संपूर्ण विश्व में 1 दिसंबर को 'विश्व एड्स दिवस' मनाया जाता है! इसका उददेश्य पूरे विश्व के लोगों को एकजुट होकर इस बीमारी का मुकाबला करना है। इस बारे में बात करें। इसे फैलने से और एडस से पीडित व्यक्ति की देखभाल करें। भारत में एड्स जैसी जानलेवा बीमारी ने एक समय बच्चों को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया था। इस पर डॉ. कृपा शंकर तिवारी की पुस्तक 'एड्स और समाज' में इस खतरे की ओर लोगों का ध्यान खींचा है। पुस्तक के अनुसार भारत में एड्स का पहला मामला 1986 में सामने आया और तबसे लगभग सत्तर लाख लोग एच. आई. वी. संक्रमण की चपेट में आ गये है। पुस्तक के अनुसार कचरा बीनने वाले बच्चे, मजदूर (बाल), असंगठित छोटे उद्योगों में काम करने वाले बच्चे, रेलवे प्लेटफार्मों, बस अड्डों एवं सिनेमा हालों के इर्दगिर्ट जमा होने वाले कम उम्र के बच्चे यौन अत्याचार के शिकार होते है। यौन शोषण करने वाले अधिकतर लोग या तो समलैंगिक होते हैं या किसी न किसी नशे की लत के शिकार होते हैं। पुस्तक में कहा गया है कि भारतीय परिस्थिति में एड्स का इलाज करा पाना व्यवहारिक नहीं है। जिसका मुख्य कारण - स्वास्थ्य के प्रति अपेक्षित गंभीरता न होना एवं निर्धनता। इसलिये इस बात की तत्काल आवश्यकता है कि एड्स संक्रमित बच्चों और उनके अभिभावकों की समस्याओं के लिये निदान केन्द्र खोले जायें। वहीं अच्छे स्वास्थ्य का वातावरण बनाने हेतु व व्यापक पैमाने पर कदम उठाये जायें, यह भी उतना ही आवश्यक होगा कि सरकार के साथ हम गंभीर होना होगा, एवं आम जन को ही एड्स निदान का सार्थक प्रयास करना पड़ेगा। तभी तो एड्स जड़ मूल से समाप्त हो सकेगा अन्यथा नहीं!

एड्स महानगरीय सभ्यता की देन है। इसके निदान के लिए भी समुचित इलाज खोज लिया गया है। किंतु आज विश्व अधुनातन परिवेश में सिकुड़कर एक गांव हो गया है। अत: देहातों तक इसका खतरा पहुँच चुका है। फिलहाल तो एड्स की उचित जानकारी रखना ही एकमात्र बचाव है। अत: इससे बचने के क्या उपाय हैं, इसकी जानकारी रखना अत्यंत आवश्यक है। आधुनिक विश्व में परमाणु बम से ज्यादा खतरा एड्स से हैं। संयम के अलावा वैज्ञानिक साधनो के उपयोग से ही इससे बचा जा सकता है। साथ ही अपने जीवन ऊर्जा का उपयोग सृजनात्मक दिशा में करने से निश्चय ही एड्स ही नहीं बल्कि इस प्रकार की सभी बीमारियों से बचा जा सकता है। एड्स का पूरा नाम एक्वायर्ड एम्युनों डिफिसिवेंसी सिड्रोम है। इस बीमारी में मनुष्य की बीमारियों से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता बहुत कम हो जाती है। फलत: होता यह है कि मनुष्य छोटी से छोटी बीमारी में भी मौत के मुंह में चले जाता है। धीरे-धीरे मनुष्य को एकसाथ कई बीमारी जकड़ लेती है ।मनुष्य के रक्त में श्वेत रुधिर कणिकायें होती हैं जो कि मनुष्य को बीमारियों से बचाती है परंतु इस बीमारी में यह श्वेत रक्त कणिकायें एकदम कम हो जाती है।एड्स एक अति सूक्ष्म वायरस द्वारा होता है, यह वायरस एक मनुष्य से दूसरे मनुष्य में, नशा करने वालों में, क्योंकि के एक के बाद नशे की सुई लेते हैं, वेश्याओं में, एक से अधिक लोगों से शारीरिक संबंध रखने वालों में, समलैंगिकों में, वहीं बार-बार खून लेने व देने वालों में भी एड्स के जीवाणु फैल सकते हैं। साथ ही एड्स से पीड़ित महिला के पैदा होने वाले बच्चे में भी वह फैलता है। एड्स के जीवाणु शरीर के बाहर 15-20 मिनट में ही मर जाते हैं। इसलिये इंजेक्शन, सुई को बीस मिनट तक उबालना चाहिये जिससे संक्रमण की संभावना बिलकुल ही समाप्त हो जाती है।



**विश्व में पहला पड्स दिवस**

1938 में मनाया गया। उस समय इसका उदेश्य मात्र लोगों में एड्स की अधिकाधिक जानकारी फैलाना और उनमें जागरुकता पैदा करना ही था। बाद में युवाओं द्वारा इस बीमारी की रोकथाम पर ध्यान दिया गया। फिर महिलाओं में बढ़ते एड्स की रोकथाम करने पर ध्यान दिया गया। लेकिन इसके बाद के वर्षों के इस विषय पर अधिकाधिक बातों क समावेश कर इसे जनकल्याणकारी बना दिया गया, जो आज के परिवेश में प्रासंगिक भी है, वरना विश्व स्वास्थ्य के प्रति गंभीर संकट पैदा हो सकता है।

एड्स की रोकथाम के प्रति जागरूकता पैदा करने में निम्नतम बातें प्रमुख हैं, जैसे बहुसंख्य शारीरिक संबंधों से परहेज रखना चाहिए। बार-बार खून देना व लेना नहीं चाहिये, इससे यथासंभव बचने का प्रयास करना चाहिए। नशे की लत व वागमन से अनिवार्यत: बचना ही होगा। समग्र विश्व के परिपेक्ष्य में कहा जा सकता है कि एडस किसी एक देश की समस्या नहीं है, यह पूरे विश्व की समस्या है, आप किस देश के है? किस जाति के हैं? आपकी हैसियत क्या है। आप अमीर है या गरीब, इन बातों का कोई औचित्य नहीं है अगर किसी व्यक्ति में एड्स के वायरस प्रवेश कर गये हैं तो भी उसे एडस होने में दो साल से दस साल का समय लग सकता है, परंतु अन्य व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में एड्स जो फैल सकता है उसे रोकने का प्रयास करना चाहिये। शारीरिक संबंधों के द्वारा (संक्रमित) फैलाव को रोकने का प्रबंध करना चाहिये। एड्स के बचाव के तरीकों की ज्यादा से ज्यादा लोगों तक जानकारी देकर बचने का सर्वोत्तम उपाय करना चाहिये। खासकर ग्राम-देहातों सुदूर इलाकों में घुसकर एड्स का प्रचार-प्रसार करना होगा। एड्स के मरीज को समाज के अलग नहीं जाना चाहिए ऐसा करने से एड्स के मरीजों में भय पैदा हो जायेगा, फलत: वे सामने नहीं आयेंगे। तो ऐसे लोगों को चिन्हित करना और एड्स का इलाज करना मुश्किल हो जायेगा। लोगों को एड्स के बारे में जानकारी देकर उसके बचाव की शिक्षा देने की व्यवस्था करना चाहिये। एड्स पूरे मानव समाज के लिये खतरा है, और वह किसी भी व्यक्ति को हो सकता है। अत: लोगों को समाचार पत्रों, टी.वी रेडियो नाटकों एवं संभाषणों के द्वारा जानकारी देकर जागरुकता पैदा करना होगा। एड्स के खिलाफ मिलजुलकर सभी देशों के साथ मिलकर काम करना होगा। अंतत: प्रत्येक व्यक्ति का यह कर्तव्य होना चाहिये कि वह एड्स के फैलाव को रोकने में एक दूसरे की मदद करें और उसके बारे में समझें ,ताकि एड्स का फैलाव कम हो सके। वहीं इस बात का भी ध्यान रखना बहुत अनिवार्य है कि एड्स के बारे में फैली भ्रांतियों को दूर करना होगा। जैसे छूने से एड्स नही फैलता है। यह जनसामान्य को जानकारी होना चाहिये, ताकि सभी लोग इसके खात्मे का पूरा प्रयास कर सकें। बता दें यह नहीं फैलता है छूने से और न देखभाल करने से। एड्स के मरीजों की देखभाल प्यार और सतर्कता से, किया जा सकता है। चिकित्सा विज्ञान इसका कारगर इलाज पा चुका है। बस हम कामयाब तभी होंगे जब रखेंगे विश्वास ,और इसके बचाव की जानकारी के साथ पीड़ित व्यक्ति की देखभाल व इसके बचाव के कारगर उपाय की जानकारी को अधिक से अधिक लोगों में शेयर करते रहें ।

**- सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'**

# राशिफल

कार्तिक शुक्ल पक्ष-चतुर्थी | (विक्रम संवत् 2080)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
खट्टा-मीठा बना रहेगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। भौतिक सुख संपदा में वृद्धि होगी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
स्वास्थ्य में सुधार, प्रेम-संतान में थोड़ी दूरी बनी रहेगी। व्यापारिक सफलता मिलेगी।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रेम संतान के के साथ अच्छी स्थिति बने रहने के बावजूद भी दूरी बनी रहेगी।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी बनी रहेगी। व्यापारिक दृष्टिकोण से भी शुभ समय कहा जाएगा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
आय में आशातीत बढ़ोतरी होगी लेकिन मन चिंतित रहेगा। चिंताकारी सृष्टि का सृजन हो रहा है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
यात्रा में लाभ होगा। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। कुछ नए साधन से भी पैसे आएंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। व्यापारिक सफलता मिलेगी। उच्चाधिकारियों का आशीर्वाद मिलेगा, स्वास्थ्य मध्यम।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
भाग्य बस कुछ काम बनेंगे, यात्रा में लाभ होगा, धार्मिक बने रहेंगे। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम संतान की स्थिति मध्यम रहेगी

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है। वाहन धीरे चलाएं। किसी तरह की कोई दुर्घटना न हो इससे सावधानी बरतें।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात संभव है। नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी होगी।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
शत्रु नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे लेकिन स्वयं नतमस्तक हो जाएंगे। स्वास्थ्य नरम गरम, प्रेम संतान मध्यम।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
भावुक मन से कोई निर्णय न लें। लिखने-पढ़ने में समय व्यतीत करें। प्रेम संतान लगभग ठीक रहेगा। व्यापार भी ठीक है। लाल वस्तु पास रखें।

# सतेन्द्र नागर के आवास पर पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, परिवार से भी मिले





**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** कल जुनेदपुर गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र नागर के आवास पर भी पहुंचे इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया और कहा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि है।

सर्वविदित हो कि कल जुनेदपुर गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे। इसी दौरान भाजपा नेता एवं जुनेदपुर गांव निवासी सत्येंद्र नागर के आवास पर भी जेपी नड्डा पहुंचे और उनके पारिवारिक जनों से मुलाकात की। इस अवसर पर सतेन्द्र नागर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा है कि आज मैं बहुत भावुक हूं और गौरवान्ति हूं कि दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा हमारे पर घर आए और जीवन भर के लिए हमारे परिवार को सुनहरी यादें दे गए।

इस आशीर्वाद के लिए मैं उनका सदा आभारी रहूंगा। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया, गोपाल, कृष्ण अग्रवाल, भाजपा के जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी, नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष योगेंद्र चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय भाटी, अखिलेश नागर सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सतेन्द्र नागर के आवास पर चाय, नाश्ता भी किया।

## नाले व ग्रीन बेल्ट से मिले दो शव

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के दादरी रोड पर नाले से एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। शव कई दिन पुराना होने के कारण सड़ गल गया है। वहीं थाना एक्सप्रेस में क्षेत्र में ग्रीन बेल्ट से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। थाना सेक्टर-39 प्रभारी ने बताया कि गुरुवार को सूचना मिली कि दादरी रोड नाले में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवायाी। शव करीब सात-आठ दिन पुराना होने के कारण सड़ गल गया था, जिस कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। शव की पहचान कराने के लिए आसपास के थाना क्षेत्र की पुलिस को अज्ञात शव मिलने की सूचना दे दी गई है। पुलिस विभिन्न थाना क्षेत्रों से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए लोगों का ब्यौरा जुटा रही है। आशंका जताई जा रही है कि उक्त व्यक्ति की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से नाले में फेंका गया है। वहीं थाना एक्सप्रेसवे क्षेत्र के सेक्टर-168 की ग्रीन बेल्ट में एक (35 वर्षीय) युवक का शव पड़ा मिला।

## रोटरी क्लब ने लगाया रक्तदान शिविर

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें 162 यूनिट रक्त एकत्र हुआ।




क्लब के अध्यक्ष रो0 अतुल जैन ने बताया कि रोटरी ब्लड बैंक नोएडा में रक्त की आवश्यकता थी। जिसे पूरा करने के लिये IIMT कॉलेज में संपर्क कर रक्तदान शिविर लगवाने का अनुरोध किया जिसे सहर्ष स्वीकार कर रक्तदान शिविर आयोजित किया जिसमें कॉलेज के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर रक्त दान किया। शिविर में बहुमूल्य 162 यूनिट रक्त प्राप्त हुआ। कैम्प में कॉलेज के एमडी मयंक अग्रवाल व क्लब ट्रेनर सौरभ बंसल ने भी रक्तदान किया।

इस अवसर पर उमेश कुमार, एस एस त्यागी, नकुल गुप्ता, के.के. पालीवाल, मनजीत सिंह, रो0 सौरभ बंसल, रो0 एमपी सिंह, रो0 के के शर्मा, रो0 गुरुचरण सिंह, रो0 शैलेश वार्ष्णेय, रो0 ऋषि अग्रवाल, रो0 रणजीत सिंह, रो0 राहुल शर्मा, रो0 अंकुर गर्ग, व रो0 राहुल मित्तल मौजूद रहे।

## किसान सभा ने जताया रोष

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** किसान सभा की जिला कमेटी के सदस्य प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी से मिले और वादे के अनुसार बोर्ड बैठक नहीं किए जाने पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। इस मौके पर मुख्य कार्यपालक ने अवगत कराया कि अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह का समय नहीं मिलने के कारण बोर्ड मीटिंग लेट हो रही है। किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ रुपेश वर्मा के नेतृत्व में कमेटी के सदस्यों की मीटिंग मुख्य कार्यपालिका अधिकारी के साथ हुई।



इस अवसर पर अजय पाल भाटी, सचिन भाटी, सतीश यादव, सुरेश यादव, सुरेंद्र भाटी, मनोज प्रधान, विजेंद्र नागर रण सिंह मास्टर अरुण भनोता शामिल रहे।

## उत्पीड़न के खिलाफ प्रदर्शन



**नोएडा (चेतना मंच)।** बिजली विभाग विजिलेंस/ एन्टी पावर थेफ्ट थाना- सेक्टर- 63, के आरक्षियों द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न के खिलाफ राष्ट्रीय शहरी ग्रामीण विकास समिति के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए समिति के संयोजक गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि हिंडन पुस्ता पार बसी दर्जनों कॉलोनी में लगातार मांग करने के बाद भी बिजली नहीं दी जा रही है उल्टे चोरी का आरोप लगाकर गलत तरीके से नोटिस भेज कर लोगों को परेशान किया जा रहा है। नोटिस लेकर आने वाले बिजली विभाग के विजिलेंस टीम के कर्मचारी लोगों के साथ गाली-गलौच, धक्का मुक्की कर प्रताड़ित कर रहे हैं।

## सिगरेट के पैसे मांगने पर दुकानदार को धुना

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** रोनीजा गांव में सिगरेट के पैसे मांगने पर चार दबंगों ने दुकानदार व उसके बेटों के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। पीड़ित दुकानदार ने आरोपियों के खिलाफ थाना रबूपुरा में मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम रोनीजा निवासी अजय ने पुलिस से की शिकायत को बताया कि वह गांव के पास ही खाने की रेहडी लगता है। इसी रेहडी पर वह सिगरेट, गुटख आदि भी बेचता है। बीती रात्रि वह दुकान बंद कर रहा था। इस दौरान उसकी दुकान पर मेघराज उसके तीन साथी पहुंचे चारों युवकों ने उससे सिगरेट ली। सिगरेट देने के बाद उसने जब युवकों से पैसे मांगे तो चारों उसके साथ गाली गलौज करने लगे उसने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने लोहे की रोड से उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

## आरएसएस की हुई बैठक

**भदोही (डीघ)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ डीघ खंड की एक बैठक हनुमान मंदिर मोने कुटिया पर आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता खंड संघचालक कैलाश पांडेय खंड कार्यवाह डा. ऋतुराज पांडेय एवं संदीप तिवारी ने किया। बैठक में 22 जनवरी को श्री राम मूर्ति की स्थापना के समय डीघ खंड के सभी ग्रामीण क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों में पूजा पाठ कार्यक्रम हेतु चर्चा की गयी। बैठक के मुख्य यजमान रमेश कुमार सिंह थे। बता दें कि पिछले कई वर्षों से श्री राम मंदिर बनने हेतु बिना पादुका के जीवन व्यतीत कर रहे हैं जिसके लिए स्वयं मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ ने रमेश को बधाई दी साथ ही आश्वासन दिया कि राम मंदिर अब बन रहा है कृपया करके रमेश आप पदवेश ग्रहण करें। तब रमेश ने मुख्यमंत्री कहा की श्री राम जी की मूर्ति की स्थापना के बाद ही पदवेश ग्रहण करने की इच्छा हैं। बैठक में भाजपा नेता रवीश पांडेय, जिला विधि विषयक संयोजक भाजपा आनन्द कुमार शुक्ला,सुशील दुबे, सुनील शुक्ला, जय प्रकाश मिश्रा, जटा शंकर शुक्ला, शास्त्री शिव कुमार दुबे आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## यातायात माह का हुआ समापन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष मुकुल गोयल ने बताया रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा व ट्रैफिक पुलिस के द्वारा नवंबर यातायात माह का समापन समारोह कार्यक्रम दिनाक 30 नवंबर 2023 दिन गुरुवार को दोपहर 2 बजे से यातायात पुलिस ऑफिस सेक्टर 14 ए नोएडा में रखा गया।




डीसीपी ट्रैफिक अनिल यादव द्वारा समय समय पर सामाजिक कार्य करने के लिए रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा को सम्मानित किया गया। ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात माह में लगभग 2.5 लाख वाहनो पर कार्यवाही की गयी व प्रोग्राम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ट्रैफिक संबंधित सभी जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष कपिल शर्मा, मुकुल गोयल, मनोज गोयल (ऐक्टिव ट्रांसपोर्ट कंपनी), सचिन गर्ग (श्री राम ट्रांसपोर्ट), विनय गुप्ता, विकास गर्ग, ट्रैफिक विभाग से श्री श्यामजीत प्रमला (एसीपीट्रैफिक), राम सिंह (टीआई), चंद्रप्रकाश सिंह, जयेन्द्र कुमार गंगवार, राकेश कुमार, विजय चौधरी, आदि उपस्थित रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना सं. 66/2023**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं :

क्र. सं. : 1, कार्य का विवरण : मेण्डू बैलास्ट डिपो में अद्यतन संशोधित पर्ची सहित, आर.डी. एस.ओ. के लेटेस्ट बैलास्ट स्पेसीफिकेशन के अनुसार मशीन से तोड़ी गई 65 एम.एम. साइज ट्रैक पत्थर गिट्टी (60666 घन मी.) की आपूर्ति एवं चट्टा लगाई तथा उपरोक्त को सभी तरह के रेलवे वैगनों में लदाई, **अनुमानित लागत** : रु. 7,47,31,412.10, **बयाना राशि** : रु. 5,23,700/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** :06 माह।

1. ई-निविदा दिनांक 20.12.2023 को 15.00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।
2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)
मुजाधि/डब्ल्यू-431 इज्जतनगर

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.- याँ/246/1/15/ 23-24/ओटी-30**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा पत्र में अंकित योग्यता मापदंडो के अनुसार ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का संक्षिप्त विवरणः** 02 वर्ष की अवधि के लिए मैकेनिकल वर्कशॉप, इज्जतनगर में 1042 नंबर वैगनों में ट्विन पाइप एयर ब्रेक सिस्टम का रेट्रोफिटमेंट का कार्य (स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार), **अनुमानित मूल्य (₹में):** ₹ 2,31,48,644.78 (रूपये दो करोड़ इक्कतिस लाख अडतालिस हजार छः सौ चौवालिस और अठहत्तर पैसे मात्र), **बिड सिक्योरिटी (₹में):** ₹ 2,65,800.00 (दो लाख पैंसठ हजार आठ सौ मात्र), **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹में):** ₹ शून्य, **कार्य अवधिः** दो वर्ष 24 माह, **निविदा खुलने की तिथि व समयः** 21.12.2023, 15:30 बजे। **नोटः (1)** उपरोक्त 'ई-निविदा का पूर्ण' विवरण निविदा प्रपत्र सहित दिनांक **28.11.2023** को समय **17:00** बजे से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर टेंडर खुलने की तिथि **21.12.2023** को **15:00** बजे तक उपलब्ध है। **(2)** उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेंडरों को चाहिए कि वो अपने आपको IT, Act-2000 के अंतर्गत CA द्वारा जारी क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS वेबसाइट पर पंजीकृत कराएं। **(3)** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित ऑनलाइन दर्ज करने पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी लैटर हेड पर यदि संलग्न हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जायेगा। **(4)** ई-निविदा हेतु बिड सिक्योरिटी का भुगतान निविदा प्रपत्र के अनुसार स्वीकार की जायेगी।

उपमुयाँइ/उत्पादन/यांत्रिक कारखाना
मुजाधि/याँ-95 इज्जतनगर

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

## पृष्ठ एक के शेष....

**पूर्व उपराज्यपाल बने...**

धोखाधड़ी के बारे में पता चला। पूर्व उपराज्यपाल ने अपनी शिकायत में कहा है कि जिस दौरान उनके बैंक अकाउंट से रूपयों का ट्रांजैक्शन हुआ उस दौरान उन्होंने इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग नहीं किया। बैंक से साइबर ठाकुर द्वारा धोखाधड़ी की जानकारी मिलते ही उन्होंने एसबीआई बैंक प्रबंधन को जानकारी देकर इंटरनेट बैंकिंग ब्लॉक करवा दी।

पूर्व उपराज्यपाल की शिकायत पर सेक्टर 126 थाना पुलिस ने सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन अधिनियम 2008 की धारा 66डी में मुकदमा दर्ज कर लिया है। देश के पूर्व रक्षा सचिव व लद्दाख के पूर्व उपराज्यपाल के साथ हुई लाखों रुपये की धोखाधड़ी ने पुलिस के भी हाथ पांव फूला दिए हैं। साइबर सेल धोखाधड़ी करने वालों की सरगर्मी से तलाश कर रही है। आपको बता दें राधाकृष्ण माथुर वर्ष 2019 से 2013 तक लद्दाख के उप राज्यपाल रहे। वह रक्षा सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने त्रिपुरा में भी चीफ सेक्रेटरी का कामकाज देखा है।

**'सुरंग में फंसने के...**

इन्हें डालीबाग स्थित अतिथि गृह में ठहराया गया है। सुरक्षित बचाए गए आठ मजदूरों ने आज मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात की। मुलाकात करने के बाद इन्हें यूपी के अलग-अलग जिलों में स्थित इनके घरों में भेजने का प्रबंध किया गया है। मुख्यमंत्री से बातचीत के दौरान मजदूरों ने कहा कि हमने हिम्मत कभी नहीं हारी। सभी साथी एक दूसरे का हौंसला बढ़ाते रहे। हमें यकीन था कि हम बाहर जरूर आएंगे। यह सभी मजदूर अपने-अपने घर पहुंच कर दीवाली मनाएंगे।

लखनऊ पहुंचे 8 श्रमिकों में से एक संतोष कुमार ने मीडिया से बात करते हुए अपनी खुशी जाहिर की। संतोष कुमार ने कहा कि हम अच्छा महसूस कर रहे हैं, हमें कोई परेशानी नहीं हो रही है। हम आज सीएम योगी आदित्यनाथ से मिले और हम बहुत अच्छा महसूस कर रहे हैं।

**नोएडा कमिश्नरेट की...**

जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक थाना सेक्टर 20, नोएडा द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए चौकी प्रभारी उ0नि0 अमित कुमार, उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार मय पुलिस बल आरक्षी 3479 अजीत कुमार एवं आरक्षी 2997 अनुराग तालियान को पेरिस एंबेसी द्वारा बताए गए निवास स्थान सी-185, सेक्टर-26, नोएडा पर भेजकर जानकारी की गई तो पता चला कि उक्त आवास के मालिक 16 वर्ष पूर्व ही मकान को बेचकर यहां से कहीं चले गए थे। इसके बाद नोएडा कमिश्नरेट पुलिस ने कम समय में मृतक जितेंद्र कुमार के परिजनों को गाजियाबाद के इंद्रापुरम में ढूंढ निकाला। वहां पहुंचकर मृतक की पत्नी व भाई आनंद कुमार से संपर्क कर, मिनिस्टर काउंसलर एंबेसी ऑफ इंडिया पेरिस द्वारा की जाने वाली आवश्यक विधिक कार्यवाही के संबंध में अवगत कराया गया तथा मिनिस्टर काउंसलर एंबेसी ऑफ इंडिया पेरिस से जरिए दूरभाष बातचीत कराई गई, जिसके आधार पर मिनिस्टर काउंसलर एंबेसी ऑफ इंडिया पेरिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

नोएडा पुलिस द्वारा किए गए सराहनीय कार्य के लिए मिनिस्टर काउंसलर एंबेसी ऑफ इंडिया पेरिस द्वारा नोएडा कमिश्नरेट की पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह को पत्र लिखकर उनकी टीम व कार्यशैली की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

**विजय रावल ने संभाला...**

श्रीपाल भाटी को 20 सितंबर 2022 को सेक्टर-21 जलवायु विहार में एक दीवार गिर जाने तथा उसमें दबकर चार मजदूरों की मौत के मामले में उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास एवं अवस्थापना मंत्री नंद गोपाल नंदी ने बुधवार को सस्पेंड कर दिया था। सीईओ डा. लोकेश एम ने कर्मठता तथा सक्रियता को देखते हुए उप महाप्रबंधक (सिविल) का प्रभार विजय रावल को सौंपा है। विजय रावल वर्ष-2009 में नोएडा प्राधिकरण में प्रबंधक के पद पर तैनात हुए थे। वर्ष 2018 में वे वरिष्ठ प्रबंधक बने। स्वच्छता सर्वेक्षण में नोएडा को 150वें स्थान से 11वां स्थान दिलाने में विजय रावल तथा जनस्वास्थ्य विभाग की टीम की भूमिका किसी से छिपी नहीं है।

**फांसी के फंदे...**

में महिला द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात सामने आ रही है। पारिवारिक विवाद के कारण महिला द्वारा आत्महत्या की गई है। इसके बावजूद भी पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच पड़ताल कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। इस संबंध में मृतका के परिजनों द्वारा अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है।

**सोशल साइड पर...**

का प्रयास किया तो जालसाज ने उसे ब्लॉक कर दिया। पीड़ित ने इस संबंध में अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ थाना सेक्टर-126 में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**भाजपा संगठन में पद...**

पार्टी आलाकमान के इस निर्देश से भाजपा संगठन में पद पाने के लिए भागदौड़ कर रहे नये नेताओं की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। सूत्रों के मुताबिक पार्टी आलाकमान का यह फैसला काफी अहम माना जा रहा है। पार्टी के नेताओं का मानना है कि लोकसभा चुनाव अगले वर्ष-2024 में है। ऐसे में संगठन विस्तार के वक्त नये पदाधिकारियों की नियुक्ति भारी पड़ सकती है। इसलिए पार्टी संगठन में लम्बे समय से काम कर रहे पुराने पदाधिकारियों को ही रिपीट करने का फैसला लिया गया है।

**आज शाम नोएडा...**

के साथ सीधे सेक्टर-34 स्थित हनुमान राम मंदिर (बिलबोंग स्कूल के पास) पहुंचेगी। यहां पर अयोध्या से आया अक्षत कलश स्थापित किया जाएगाँ यहां से छोटे कलशों में अक्षत भरकर 15 प्रखंडों में भेजा जाएगा। जहां पर प्रखंड प्रभारी घर-घर जाकर यह अक्षत वितरित करेंगे।

इस मौके पर विश्व हिन्दु परिषद के नोएडा महानगर धर्म प्रचार प्रमुख राजीव शर्मा, संघ के महानगर कार्यवाह सतेन्द्र, विहिप के महानगर प्रचारक विभाग संगठन मंत्री सुमित, राहुल, मंत्री छाया सिंह, दिनेश महावर, सतबीर समेत सैकड़ों विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, आरएसएस तथा भाजपा नेता आदि मौजूद रहेंगे।

**प्रसिद्ध साहित्यकार...**

नगदी, सोने ,चांदी के जेवरात, गैस सिलेंडर, पानी की टोटियां व अन्य सामान चोरी कर ले गए। डॉ सुधांशु चतुर्वेदी ने इसकी सूचना तुरंत थाना सेक्टर-24 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज को खंगाल कर चोरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## प्रयागराज मंडल में 42 रेल 'सेवक हुए सेवानिवृत्त'

**प्रयागराज (ब्यूरो)।** उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मंडल से 30.11.2023 को 42 रेल सेवक सेवानिवृत्त हुए। आर.एन. प्रसाद त्रिवेदी स्टेशन अधीक्षक अनवरगंज, बिरेन्द्र पाल सिंह लोको पायलट टूंडला, राजेंद्र सिंह लोको पायलट टूंडला, रोशन लाल लोको पायलट प्रयागराज, विनोद कुमार सिंह लोको पायलट कानपुर, जयप्रकाश स्टेशन अधीक्षक बिन्दकी रोड, प्रदीप कुमार पॉइंट्समैन कानपुर एवं अशोक कुमार पॉइंट्समैन चकेरी को संरक्षित ट्रेन संचालन हेतु एक्सीडेंट फ्री अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। प्रयागराज मंडल के कार्मिक विभाग द्वारा लेखा विभाग के सहयोग से 42 कर्मचारियों का समापन भुगतान तत्परता एवं समय पर सुनिश्चित किया गया, जिसके अंतर्गत कुल लगभग 19 करोड़ 91 लाख रूपए का समापन भुगतान नियमानुसार डिजिटल



माध्यम से किया गया। मंडल कार्यालय के मंडल सभागार में अपर मंडल रेल प्रबंधक सामान्य संजय सिंह एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी मनीष कुमार खरे द्वारा समापन भुगतान से संबंधित समस्त प्रपत्रों सहित फोल्डर एवं स्मृति चिन्ह के रूप में गोल्ड प्लेटेड सिल्वर मैडल सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को सम्मान सहित सौंपा गया।

वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी मनीष कुमार खरे द्वारा सेवानिवृत्ति के उपरांत कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले भुगतान, मानार्थ पास, HRMS एवं UMID की सुविधाओं के विषय में जानकारी प्रदान की गई। अपर मंडल रेल प्रबंधक ने सभी सेवानिवृत कर्मचारियों को रेल सेवा उनके योगदान की सराहना करते हुए उनके आगामी पारिवारिक जीवन में स्वस्थ एवं सक्रिय रहने की शुभ कामना दी।

इस अवसर पर मंडल कार्मिक अधिकारी आशीष शुक्ला, प्रयागराज मंडल एवं मंडल परिचालन प्रबंधक रतन झा, प्रयागराज मंडल आदि उपस्थित रहे।

## तमंचे के साथ पकड़े तीन बदमाश

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-39 पुलिस ने घर में घुसकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसके पास से तमंचा व कारतूस में बरामद हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सेक्टर-36 के पास एक बदमाश चोरी व अन्य आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने बताए गए स्थान पर छापा मारकर रूपक पुत्र शिव कुमार निवासी पश्चिम बंगाल को दबोच लिया। तलाशी में इसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुए। पकड़ा गया आरोपी हाल में सेक्टर-37 में रह रहा है। आरोपी ने चोरी की कई घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। इसके अलावा थाना सेक्टर-39 पुलिस ने महर्षि आश्रम रोड पर संदिग्ध अवस्था में घूम रहे दो युवकों को जांच के लिए रोका। तलाशी में उनके पास से तमंचा, कारतूस व चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों ने अपना नाम विजय पुत्र दीप व सलीम पुत्र तोहसीफ बताया।

**उत्तर मध्य रेलवे** G20

संख्या म.रे.प्र./वा./आगरा/खा.पा./ई-नीलामी/23 दिनांक : 28.11.2023

**ई-नीलामी निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिये वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उ.म.रे.-आगरा द्वारा आगरा मण्डल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्म पर 12 वाटर वैण्डिंग मशीन एवं 16 खानपान स्टॉल को लगाने एवं पाँच वर्ष तक संचालन हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है :-

| Category : Catering Stalls | | Auction Catalogue No.: Agra-Catg-23-17 | |
|---|---|---|---|
| Name of Station | Category | Station Code | Total No. of Stalls |
| राजा की मण्डी | A | RKM | 02 |
| धौलपुर जं. | B | DHO | 01 |
| अछनेरा जं. | D | AH | 01 |
| खेडली | D | KL | 01 |
| मंडावर महुआ रोड | D | MURD | 02 |
| नदबई | D | NBI | 04 |
| भूतेश्वर | D | BTSR | 01 |
| कोसीकलां | D | KSV | 03 |
| फतेहाबाद | E | FAB | 01 |
| Category : Misc-Static-Service | | Auction Catalogue No.: Agra-WVM-23-03 | |
| धौलपुर जं. | B | DHO | 06 |
| ईदगाह जं. | D | IDH | 02 |
| अछनेरा जं. | D | AH | 02 |
| कोसीकलां | D | KSV | 02 |

Auction Starting Time : Date 15.12.2023, Time : 11.00 Hrs. नोट- 1. इच्छुक बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे ई-नीलामी सम्बन्धित जानकारी एवं निविदा हेतु IREPS website (www.ireps.gov.in) के e-Auction Leasing Module पर जाकर बोली लगा सकते हैं।

1946/23 (D)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## बीमार हुए सीएम नीतीश कुमार, वायरल फीवर ने घेरा

पटना । बिहार के सीएम नीतीश कुमार को वायरल फीवर ने घेर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पिछले चार-पांच दिनों से बीमार चल रहे हैं। बताया जा रहा है कि वायरल फीवर के कारण डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने कि सलाह दी है। हालांकि डॉक्टर लगातार सीएम नीतीश कुमार के



स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए हैं। सीएम नीतीश कुमार के स्वास्थ्य की जानकारी देते हुए बिहार सरकार के मंत्री संजय झा ने बताया कि मुंगेर में कार्यक्रम के दौरान ही उनको फीवर आया था, पिछले दिन-चार दिनों से बुखार है। डॉक्टरों के अनुसार वायरल फीवर है, दो-चार दिन में ठीक हो जाएगा। फिलहाल डॉक्टरों ने नीतीश कुमार को आराम करने की सलाह दी है। हालांकि बताया जा रहा है कि धीरे-धीरे बुखार कम होने के साथ-साथ नीतीश कुमार की तबीयत में सुधार हो रहा है। जानकारी के अनुसार सीएम नीतीश कुमार बुखार के साथ-साथ सर्दी-खांसी और गले में खराश के कारण अधिक परेशान हैं। वहीं कल दोपहर से बुखार थोड़ा कम है। बता दें कि नीतीश कुमार जब दरभंगा से लौटे थे तब से ही उन्हें वायरल फीवर था। इसके पहले मुंगेर में जब मेडिकल कॉलेज के शिलान्यास के लिए गए थे तो उन्हें हल्की सर्दी थी। हालांकि इसके बाद मुंगेर में स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रम में भाग लेकर जब पटना पहुंचे तो उनका वायरल बुखार बढ़ गया था। फिलहाल नीतीश कुमार डॉक्टरों की निगरानी में हैं और लगातार स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। हालांकि सीएम घर से ही थोड़ा बहुत काम करते हुए बहुत जरूरी फाइलों को देख रहे हैं। राजगीर महोत्सव के उद्घाटन में भी सीएम नीतीश कुमार नहीं जा पाएंगे।

## बारिश से दिल्ली के प्रदूषणस्तर में सुधार, पंजाब में धुंध की संभावना

नई दिल्ली । दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक 420 के साथ दिल्ली-एनसीआर समेत आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को धुंध छाया हुआ है, वहीं हवा की गति धीमी होने से लोग प्रदूषण से परेशान हैं। उधर गाजियाबाद, नोएडा, फरीदाबाद, गुरुग्राम जैसे शहरों में प्रदूषण लेवल 400 के करीब बना हुआ है। मौसम विभाग ने गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर में बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना व्यक्त की है, इससे प्रदूषण में राहत की उम्मीद है। इससे पहले सोमवार को हल्की बारिश से प्रदूषण से कुछ राहत मिली थी। दिल्ली में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रह सकता है, जबकि अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहेगा। समीर ऐप के मुताबिक दिल्ली सहित ज्यादातर इलाकों में गुरुवार को सुबह 8 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 420 था। इस बीच जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और पंजाब में बारिश सहित कुछ इलाकों में हिमपात हुआ। इसके चलते राजौरी और पुंछ को दक्षिण कश्मीर से जोड़ने वाले मुगल रोड को बंद करना पड़ा। बर्फबारी के चलते पीर की गली रोड को भी बंद करना पड़ा। हालांकि जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे 44 पर ट्रैफिक सामान्य रूप से चल रहा है। जम्मू की कटरा के त्रिकुटा हिल्स में बारिश जबकि पीर पंजाल और चेनाब वैली इलाके में बर्फबारी हुई है। वहीं हिमाचल प्रदेश के कुछ इलाकों में अच्छी बारिश हुई। उधर पंजाब के कई जिलों में हुई बारिश से ठंड बढ़ गई। चंडीगढ़ में सुबह तीन बजे शुरू हुई, जो देर शाम तक चलती रही। मोहाली, अमृतसर, जालंधर, पटियाला सहित कई जिलों में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। बारिश से तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया था कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण पंजाब के मौसम में बदलाव आएगा। मौसम विभाग ने एक दिसंबर से चार दिसंबर तक शुष्क मौसम सहित धुंध की संभावना जताई हैं। मौसम केंद्र चंडीगढ़ के पूर्वानुमान के अनुसार पश्चिमी मालवा को छोड़कर पंजाब के ज्यादातर जिलों में पश्चिमी विक्षोभ का असर रहेगा। मौसम के बदलाव के चलते कोहरे से जहां लोगों की मुश्किल बढ़ जाएगी वहीं बारिश होने से जहरीली हवा से राहत मिलेगी।

## हैदराबाद की खूबसूरती और परस्पर सद्भाव के लिए करें मतदान : ओवैसी

हैदराबाद। तेलंगाना निर्वाचन में कांग्रेस अपनी वापसी और भाजपा सत्तासीन होने के लिए चुनाव में पूरी ताकत लगा दी है। बीआरएस सत्ता बरकरार रखना चाहती है तो कांग्रेस वापसी और भाजपा पहली बार सिंहासन पर बैठने के लिए प्रयासरत है। तेलंगाना विधानसभा चुनाव मतदान बीच एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मैं तेलंगाना के लोगों से संविधान में अधिक विश्वास पैदा करने, लोकतंत्र को मजबूत करने और विकास और सांप्रदायिक सद्भाव सुनिश्चित करने के लिए अपने वोट का उपयोग करने का आग्रह करता हूं। अब समय आ गया है कि राज्य के हैदराबाद सहित शहरी शहरों में मतदान प्रतिशत बढ़े। एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि तेलंगाना के मतदाताओं से अपील है कि हैदराबाद की खूबसूरती और परस्पर सद्भाव की मजबूती के लिए, मतदान कीजिए।



## पाकिस्तान से लौटकर अंजू देर रात पहुंची दिल्ली, मीडिया से नहीं की बात

नई दिल्ली । अपने प्यार की खातिर पाकिस्तान गई अंजू आखिरकार भारत लौट आई है। पाकिस्तान से देर रात दिल्ली एयरपोर्ट पहुंची अंजू ने मीडिया के सवालों के जवाब नहीं दिए। बता दें कि अंजू बुधवार को अटारी-वाघा बॉर्डर के रास्ते भारत में दाखिल हुई थी। इसके बाद काफी देर तक बीएसएफ कैंप में रही और देर रात दिल्ली पहुंच गई। गौरतलब है कि अंजू राजस्थान में अलवर जिले के भिवाड़ी में अपने पति अरविंद और दो बच्चों के साथ रहती थी। वह टूरिस्ट वीजा पर पाकिस्तान घूमने गई थी, लेकिन बाद में पता चला कि वह खैबर पख्तूनख्वा में रहने वाले नसरुल्लाह से मिलने गई है। दरअसल, नसरुल्लाह और अंजू के बीच अफेयर चल रहा था। पाकिस्तान जाने के बाद अंजू ने नसरुल्लाह के साथ निकाह भी कर लिया था। इस बीच अंजू और नसरुल्लाह के निकाह की तस्वीर भी सामने आई थी। साल 2020 में अंजू और नसरुल्लाह की मुलाकात फेसबुक पर हुई थी। नसरुल्लाह पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के ऊपरी दीर जिले का रहने वाला है। फेसबुक पर जब दोनों की दोस्ती कुछ और आगे बढ़ी तो दोनों ने एक-दूसरे का कॉन्टैक्ट नंबर ले लिया। दोनों की बातचीत वॉट्सएप पर होने लगी। करीब दो साल तक यह बातचीत चलती रही। इसी बीच अंजू और नसरुल्लाह ने एक-दूसरे से मिलने की इच्छा जाहिर की, जब नसरुल्लाह ने भारत आने में असमर्थता जताई तो अंजू पाकिस्तान आने को तैयार हो गई। अंजू ने पासपोर्ट भी बनवा लिया, लेकिन अड़चन थी वीजा की। अंजू ने पाकिस्तान जाने के लिए 21 जून को वीजा का आवेदन किया था। हालां ?कि अंजू के बच्चे अरविंद के पास हैं और उन्होंने साफ कहा है कि अंजू को मिलने नहीं देंगे। इस पूरे मामले को लेकर अरविंद पुलिस के पास भी जा चुके हैं और अंजू से पूछताछ भी हो सकती है। हाल ही में नसरुल्लाह ने खुलासा किया था कि अंजू ने बच्चों पर उन्हें पहले झूठ बोला था। नसरुल्लाह ने कहा था कि एक कंपनी के प्रॉडक्ट का प्रचार करने के दौरान चार साल पहले उनकी फेसबुक के जरिए मुलाकात हुई थी। उन्होंने कहा कि साल 2018 में पहली बार मुलाकात हुई थी। हमें एक-दूसरे के देश में जाने के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। मैंने पाकिस्तान के गृह मंत्रालय से पूरी जानकारी ली। नसरुल्लाह ने दावा किया कि अंजू ने पहले शादी का प्रस्ताव रखा था। हम एक-दूसरे से प्यार करते थे और इसी वजह से अंजू ने इस्लाम धर्म अपना लिया।

## जातीय जनगणना के समर्थन में भाजपा : केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ। विधान परिषद में जातीय जनगणना और केजीएमयू भर्ती में आरक्षण की उपेक्षा मुद्दे पर बुधवार को सपा सदस्यों ने वॉकआउट किया। उनका कहना था कि भाजपा सरकार पिछड़ों के हक छीन रही है। वहीं, नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता और वह खुद भी जातीय जनगणना के समर्थन में हैं और केंद्र सरकार ही इसे करा सकती है। उन्होंने कहा कि कहीं भी भर्तियों में आरक्षण की अनदेखी नहीं हो सकती। शिकायतें मिलने पर तत्काल उचित कदम उठाए जाते हैं। सपा के शाहनवाज खान ने कार्यस्थगन प्रस्ताव के जरिये यूपी में जातीय जनगणना कराए जाने की मांग की। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि संसाधनों पर समानुपातिक भागीदारी के लिए जातीय जनगणना जरूरी है। सपा के नरेश उत्तम पटेल ने आरोप लगाया कि भाजपा पिछड़े वर्ग के खिलाफ काम कर रही है।

### 'हम सत्ता भाव से नहीं, सेवा भाव से काम करने वाले हैं',

# पीएम मोदी बोले- गरीब, किसान और युवा मेरे लिए सबसे बड़ी जाति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में जन औषधि केंद्रों की संख्या 10,000 से 25,000 तक बढ़ाने की परियोजना का शुभारंभ किया। इस दौरान मोदी ने कहा कि अच्छी दवाई और सस्ती दवाई ये बहुत बड़ी सेवा है। जितने लोग मुझे सुन रहे हैं, उनसे मेरा आग्रह है कि जनऔषधि केंद्र के बारे में लोगों को बताइए। उन्होंने कहा कि दवाइयों पर जो खर्च पहले 12-13 हजार का होता था, वह जनऔषधि केंद्र की वजह से सिर्फ 2-3 हजार हो रहा है यानी 10 हजार रुपये आपकी जेब में बच रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब ड्रोन चलाने के लिए प्रशिक्षण देने की शुरुआत की गई तो इस योजना को लेकर बहुत से लोगों ने संदेह जताए थे। रमन अम्मा जी जैसी महिलाओं ने साबित कर दिया कि ड्रोन कृषि में तकनीक के दायरे से आगे बढ़कर महिला सशक्तिकरण का भी एक प्रतीक बनकर उभरेगा। आप सभी पूरे देश के लिए एक प्रेरणा हैं। विकसित भारत की इस संकल्प यात्रा में आप जैसी महिलाओं की भागीदारी



बहुत ही अहम है।

पीएम ने कहा कि मैं जो ये संकल्प यात्रा लेकर निकला हूं, इसके पीछे मेरा मकसद यही है कि जिनको सरकार की योजनाओं का लाभ मिला है, उनके अनुभव जानना है और जिनको नहीं मिला उन्हें 5 साल में उन योजनाओं का लाभ देना है। इसलिए देश के हर गांव में 'मोदी के विकास की गारंटी' की गाड़ी पहुंचने वाली है। उन्होंने कहा कि आज 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के 15 दिन पूरे हो रहे हैं। हमने इस गाड़ी का नाम रखा था 'विकास रथ', लेकिन इन 15 दिनों में लोगों ने इसका नाम बदल कर 'मोदी की गारंटी वाली गाड़ी' रख दिया है। मुझे ये जानकर अच्छा लगा कि आपको मोदी पर इतना विश्वास है। मैं भी आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपको दी हुई सभी गारंटियों को मैं पूरा करूंगा।

मोदी ने कहा कि जिस तरह से लोग 'विकसित भारत रथों' का स्वागत कर रहे हैं, रथ के साथ चल रहे हैं। जिस तरह युवा और समाज के हर वर्ग के लोग विकसित भारत यात्रा से जुड़ रहे हैं। वह प्रेरित करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने गांव की कहानी सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहे हैं। लेकिन आप लोग इन कहानियों को नमो एप पर जरूर अपलोड करें क्योंकि मैं नमो एप पर इन गतिविधियों को प्रतिदिन देखता हूं। उन्होंने कहा कि देश के लोगों ने वह दौर भी देखा है, जब पहले की सरकारें खुद को जनता का माई बाप समझती थी। इस कारण आजादी के अनेक दशकों बाद तक देश की बहुत बड़ी आबादी मूल सुविधाओं से वंचित रही।

## नफरती भाषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा- जल्द लेंगे बड़ा फैसला

नई दिल्ली। नफरती भाषण को लेकर उच्चतम न्यायालय ने सख्त टिप्पणी की है। खबर है कि उच्चतम न्यायालय इससे निपटने के लिए एक प्रशासनिक तंत्र पर विचार कर रहा है। साथ ही अदालत की तरफ से यह भी स्पष्ट किया गया है कि वह व्यक्तिगत मामलों से नहीं निपट सकता क्योंकि इससे मामलों की बाढ़ आ जाएगी। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह देशभर में नफरत फैलाने वाले भाषणों से निपटने के लिए एक प्रशासनिक तंत्र स्थापित करने पर विचार कर रहा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस. वी. एन भट्टी की पीठ ने कहा कि नफरत फैलाने वाले भाषण को अदालत ने परिभाषित किया है और सवाल कार्यान्वयन और यह समझने का है कि इसे कैसे लागू किया जाए। पीठ ने कहा कि हम व्यक्तिगत पहलुओं से नहीं निपट सकते। यदि हम अलग-अलग मामलों से निपटना शुरू करेंगे तो इससे मामलों की बाढ़ आ जाएगी। हम बुनियादी ढांचा या प्रशासनिक तंत्र स्थापित करना चाहते हैं। यदि उसमें कोई उल्लंघन होता है तो आप संबंधित उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकते हैं। पीठ ने कहा कि भारत जैसे बड़े देश में, समस्याएं तो होंगी लेकिन सवाल यह है कि क्या हमारे पास जरूरत पड़ने पर कार्रवाई करने के लिए पर्याप्त प्रशासनिक तंत्र है। शीर्ष अदालत ने नोडल अधिकारियों की नियुक्ति न होने पर तमिलनाडु, केरल, नगालैंड और गुजरात राज्यों को भी नोटिस जारी किया। उच्चतम न्यायालय ने पहले कहा था कि नफरत फैलाने वाले भाषण को परिभाषित करना जटिल है लेकिन इससे निपटने में असली समस्या कानून और न्यायिक घोषणाओं के क्रियान्वयन में है। उच्चतम न्यायालय ने संविधान में भारत के धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र की परिकल्पना का हवाला देते हुए पिछले साल 21 अक्टूबर को दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों को निर्देश दिया था कि वे नफरत भरे भाषणों के दोषियों के खिलाफ शिकायत दर्ज होने का इंतजार किये बिना सख्त कार्रवाई करें।

# सोनिया का इशारा...राहुल-नीतिश नहीं खड़गे हो सकते हैं विपक्ष के पीएम उम्मीदद्वार

### – कई नेताओं ने कहा खड़गे को इंडिया का नेतृत्व करना चाहिए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में पांच राज्यों के चुनाव गुरुवार को संपन्न होने वाले हैं। तीन दिसंबर को नतीजे घोषित होने हैं। इसके बाद लोकसभा चुनाव की तैयारी में सभी पार्टियां जुट जाएगी। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन नरेंद्र मोदी की अगुवाई में 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। वहीं, विपक्षी इंडिया गठबंधन ने अभी तक इस लेकर कोई फैसला नहीं किया है। विपक्ष की ओर से पीएम कैंडिडेट के लिए राहुल गांधी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नाम सामने आ रहा था। लेकिन, इस बीच कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को बड़ी जिम्मेदारी सौंपने के संकेत दिए हैं।

पूर्व कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी सहित प्रमुख विपक्षी नेताओं ने 2024 के लोकसभा चुनाव में खड़गे के लिए बड़ी भूमिका की वकालत की है। नई दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष पर लिखी किताब के अनावरण के मौके पर यह बात सामने आई है। इस दौरान विपक्षी नेताओं ने इंडिया गठबंधन की एकता को मजबूत करने का भी संकल्प लिया। कुछ लोगों ने यह विचार व्यक्त किया कि खड़गे को इंडिया गुट का नेतृत्व करना चाहिए। पांच विधानसभा चुनावों के नतीजे आने से कुछ दिन पहले सोनिया गांधी ने कहा कि खड़गे भारत की आत्मा के लिए इस ऐतिहासिक लड़ाई में कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व करने के लिए सबसे उपयुक्त हैं।



अपने भाषण में सोनिया ने खड़गे की प्रतिबद्धता और विचारधारा की सराहना की। उन्होंने कहा, उनका शानदार जीवन और कार्य उन मूल्यों का उदाहरण है, जो आधुनिक भारत के संस्थापकों और वास्तुकारों ने अपनाए। अदम्य भारतीय भावना का प्रतीक होकर उन्होंने अपनी लंबी यात्रा में कई विपरीत परिस्थितियों का सामना किया।

बता दें कि 81 वर्षीय मल्लिकार्जुन खड़गे को पिछले साल 26 अक्टूबर को कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया था। उनके शासन में कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में दो विधानसभा चुनाव जीते हैं। इसके अलावा इंडिया गठबंधन के बैनर तले कम से कम 27 पार्टियों को साथ लाने में सफल रहे हैं। इन सभी दलों ने 2024 में लोकसभा चुनाव साथ लड़ने का संकल्प लिया है।

खड़गे ने कहा, लोकतंत्र और संविधान के कारण मैं एक सामान्य कार्यकर्ता से इस पद तक पहुंच सका। आज संविधान और संसदीय लोकतंत्र दोनों खतरे में हैं। सत्ता में बैठे लोग संविधान में विश्वास नहीं करते है। उन्होंने कहा है कि वे इस बदलने और अपना संविधान लाने के लिए सही समय का इंतजार कर रहे हैं।

सोनिया गांधी ने खड़गे की तारीफ कर कहा कि उन्होंने दृढ़ साहस, अटूट दयालुता और तीक्ष्ण बुद्धि के साथ मेरे कई बोझों को साझा किया है। आज वह एक महत्वपूर्ण मोड़ पर कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं। सत्ता में बैठे लोग संवैधानिक और संस्थागत मूल्यों से बेपरवाह हैं। उन सभी संस्थानों, प्रणालियों और सिद्धांतों को नष्ट कर रहे हैं जिनके द्वारा भारत आजादी के बाद से फला-फूला है।

सोनिया गांधी से पहले कांग्रेस के सबसे पुराने सहयोगियों में से एक द्रमुक के टीआर बालू ने कहा, यह अधिक महत्वपूर्ण है कि इंडिया गठबंधन के सबसे वरिष्ठ नेता खड़गे बिना किसी समस्या के पार्टियों का एक साथ नेतृत्व करें ताकि हम 2024 का चुनाव जीत सकते हैं।

वहीं, राजद के राज्यसभा नेता मनोज झा ने कांग्रेस विधायक अभिषेक मनु सिंघवी की भविष्यवाणी का हवाला देकर कहा कि खड़गे के लिए अभी तक कोई परिणति नहीं हुई है। वहीं, सीपीआईएम के सीताराम येचुरी ने कहा कि खड़गे पर बड़ी जिम्मेदारी है।

## अरविंद केजरीवाल के समर्थन में अभियान चलाएगी आम आदमी पार्टी, दिल्ली के 2600 पोलिंग स्टेशन जन संवाद का प्लान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को कहा कि वह जनता की राय जानने के लिए एक हस्ताक्षर अभियान शुरू कर रही है कि क्या गिरफ्तारी की स्थिति में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल से सरकार चलानी चाहिए या इस्तीफा दे देना चाहिए। इसको लेकर दिल्ली के मंत्री और आप नेता गोपाल राय ने कहा कि जिस तरह से केंद्र सरकार आप सरकार के कामों को रोक रही है और हमारी पार्टी को खत्म करने की साजिश कर रही है। भ्रष्टाचार के फर्जी मामले दर्ज किये जा रहे हैं और हमारे नेताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है। वे अब सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने की तैयारी कर रहे हैं।

गोपाल राय ने आगे कहा कि कल, 1 दिसंबर से हम दिल्ली के सभी 2600 मतदान केंद्रों पर 'मैं भी केजरीवाल' हस्ताक्षर अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी टीमें घर-घर जाएंगी और सुझाव मांगेंगी कि गिरफ्तारी के बाद अरविंद केजरीवाल को क्या करना चाहिए- क्या उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए या जेल से सरकार चलानी चाहिए। लोगों से सुझाव लिए जाएंगे और अभियान 20 दिसंबर तक चलेगा। राघव चड्ढा ने इस बात पर जोर दिया कि अरविंद केजरीवाल भाजपा के लिए



चुनौती हैं, उन्होंने कहा, 'भाजपा पार्टी को कमजोर करने और केजरीवाल को कमजोर करने के लिए आप नेताओं को झूठे मामलों में फंसाने का प्रयास कर रही है।

आप नेता ने कहा कि अगर बीजेपी को विश्वास है कि गिरफ्तारी के बाद सब कुछ खत्म हो जाएगा, तो हम सलाखों के पीछे से शासन करने के लिए तैयार हैं। सभी सदस्यों ने जेल से सरकार चलाने की अपील की है।' इस महीने की शुरुआत में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित शराब घोटाला मामले में मुख्यमंत्री को नोटिस जारी किया था। हालाँकि, केजरीवाल ने भाजपा के इशारे पर भेजे गए समन को 'अवैध और राजनीति से प्रेरित' बताते हुए खारिज कर दिया। आपको बता दें कि कथित शराब घोटाला मामले में आप के दो बड़े नेता संजय सिंह और मनीष सिसोदिया जेल में बंद हैं।

## पन्नू की हत्या की साजिश के कथित आरोपी निखिल गुप्ता पर अमेरिका ने शुरु की कार्रवाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित साजिश रचने के आरोप में अमेरिका ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। न्यूयॉर्क में अमेरिकी वकील डेमियन विलियम्स ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि प्रतिवादी ने भारत से न्यूयॉर्क शहर में भारतीय मूल के एक अमेरिकी नागरिक की हत्या की साजिश रची, जो सार्वजनिक रूप से सिखों के लिए एक अलग देश बनाने की वकालत करता है। इसमें गुरपतवंत सिंह पन्नू का नाम नहीं लिखा है। इस खुलासे के बाद इन देशों के बीच राजनयिक संबंधों में तनाव पैदा हो सकते हैं। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने प्रेस को बताया कि हत्या की साजिश के लिए एक अज्ञात भारतीय सरकारी अधिकारी द्वारा भर्ती किए जाने से पहले, निखिल गुप्ता नशीले पदार्थों और हथियारों की अंतर्राष्ट्रीय तस्करी भी करता था। गुरपतवंत सिंह पन्नू सिख अलगाववादी खालिस्तानी आंदोलन का एक प्रमुख सदस्य है और पंजाब को भारत से अलग करने की वकालत करता है। वह भारत में भी एक वांटेड आतंकवादी है।

अमेरिकी न्याय विभाग के अनुसार 52 वर्षीय निखिल गुप्ता एक भारतीय नागरिक हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका और चेक रिपब्लिक के बीच द्विपक्षीय प्रत्यर्पण संधि के तहत गुप्ता को इसी साल 30 जून को चेक रिपब्लिक के अधिकारियों द्वारा गिरफ्तार किया गया। एक कथित भारतीय सरकारी कर्मचारी, जिसका नाम दस्तावेज़ में नहीं है, लेकिन उसे सीसी-1 के नाम से संबोधित किया गया है। कहा गया है कि सीसी-1 भारत और अन्य जगहों पर निखिल गुप्ता सहित अन्य लोगों के साथ मिलकर अमेरिकी धरती पर एक वकील और राजनीतिक कार्यकर्ता की हत्या की साजिश रचने का काम कर रहा था। वहीं अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट के मुताबिक, भारत में बैठे सीसी-1 के कहने पर निखिल गुप्ता ने हत्या के लिए एक किलर की तलाश शुरू की। इसी दौरान एक ऐसे शख्स से संपर्क हुआ जो अपराधियों के साथ उठना-बैठना था।

# जम्मू-कश्मीर और पुडुचेरी की महिलाओं के लिए केंद्र का बड़ा फैसला, संसद के इसी सत्र में आएगा विधेयक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हाल ही में केंद्र सरकार ने महिलाओं के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। जिसमें से एक महिला आरक्षण बिल भी है। संसद के मॉनसून सत्र में पारित महिला आरक्षण विधेयक जम्मू-कश्मीर और पुडुचेरी पर लागू नहीं होगा क्योंकि इसमें अनुच्छेद 239ए और 239 का कोई उल्लेख नहीं है। ऐसे में सरकार ने जम्मू-कश्मीर और पुडुचेरी की विधानसभाओं में महिला आरक्षण का लाभ मिले इसकी पूरी तैयार कर ली है। इसके लिए दो विधेयक संसद के आगामी शीतकालीन सत्र पेश किए जाएंगे। बता दें कि केंद्र सरकार द्वारा पारित कराने के लिए सूचीबद्ध 18 विधेयकों में शामिल किया हैं।



इसके अलावा मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) विधेयक 2023 को भी शीतकालीन सत्र के लिए शामिल किया गया है। इसके तहत चुनाव आयुक्तों के स्टेटस को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश से घटाकर कैबिनेट सेक्रेटरी पर लाने का प्रावधान है।रिपोर्ट के अनुसार, सात पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों ने प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्र लिखकर इन प्रावधानों की समीक्षा करने की मांग की थी।उपरोक्त दोनों विधेयकों के अलावा शीतकालीन सत्र के लिए केंद्र सरकार के एजेंडे में तीन नए विधेयकों को पारित करना शामिल है। ब्रिटिश युग के कानूनों को हटाने के लिए सरकार अपनी प्रतिबद्धता दिखा रही है। भारतीय दंड संहिता (1860), भारतीय साक्ष्य अधिनियम (1872) और आपराधिक प्रक्रिया अधिनियम (1898) को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय साक्ष्य (बीएस) और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) से बदला जाएगा। हाल ही में भाजपा सांसद बृजलाल की अध्यक्षता वाले एक संसदीय पैनल ने 50 से अधिक संशोधनों का सुझाव दिया था। इस दौरान तीन विधेयकों में कई प्रिंटिंग और संख्या संबंधी त्रुटियों को रेखांकित किया था।भारतीय न्याय संहिता में मॉब लिंचिंग पर सात साल की कैद या आजीवन कारावास या फिर मौत की सजा का प्रावधान है। वीडियो ट्रायल, एफआईआर की ई-फाइलिंग के माध्यम से बिना देरी न्याय को सक्षम बनाने की कोशिश की गई है। राजद्रोह की परिभाषा का भी विस्तार किया गया है। भ्रष्टाचार, आतंकवाद और संगठित अपराध को दंडात्मक कानूनों के तहत लाया गया है। सजा के नए रूपों के रूप में सामुदायिक सेवा और एकांत कारावास की भी शुरुआत की जाएगी। पैनल कई सुझाव दिए हैं, जिन पर सरकार विचार कर सकती है। पैनल ने तर्क दिया है कि धारा 497 को भेदभाव के आधार पर रद्द कर दिया गया था। इसे लिंग-तटस्थ बनाने से इस कमी को दूर किया जा सकेगा। सरकार का मानना है कि विवाह की पवित्रता की रक्षा के लिए इस प्रावधान को बरकरार रखने की जरूरत है।

# दो में से एक भारतीय बोले- डीपफेक को सोशल मीडिया से 24 घंटे में हटाएं: सर्वेक्षण

### – सर्वेक्षण में शामिल 43 प्रतिशत भारतीय हर दिन औसतन तीन या अधिक लघु वीडियो देखते हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तीन में से लगभग एक भारतीयों का कहना है कि वे बहुत सारे वीडियो देख रहे हैं और बाद में पता चलता है कि वे नकली हैं। दो में से एक से अधिक लोगों का कहना है कि 24 घंटे के भीतर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से डीपफेक वीडि?यो को हटाया जाए। हाल ही में ?किए गए एक नए सर्वेक्षण से यह जानकारी सामने आई। हाल के सप्ताहों में, कई भारतीय अभिनेताओं ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर प्रसारित होने वाले डीपफेक लघु वीडियो में अभिनय किया है। सोशल कम्युनिटी प्लेटफॉर्म लोकलसर्कल्स के सर्वेक्षण के अनुसार सर्वेक्षण में शामिल 43 प्रतिशत भारतीय हर दिन औसतन तीन या अधिक लघु वीडियो देखते हैं। उनमें से तीस प्रतिशत का कहना है कि बाद में उन्हें पता चला कि उनके द्वारा देखे गए 25 प्रतिशत या अधिक वीडियो नकली थे। निष्कर्षों से पता चला कि लगभग 56 प्रतिशत उत्तरदाताओं का कहना है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित डीपफेक वीडियो को शिकायत के 24 घंटे के भीतर हटा दिया जाना चाहिए। चुनाव वाले राज्यों में भी कई डीपफेक वीडियो प्रचलन में पाए गए हैं। सरकार को डीपफेक की बढ़ती प्रवृत्ति पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि सरकार डीपफेक जैसी आपत्तिजनक सामग्री से पीड़ित होने पर आईटी नियमों के उल्लंघन के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने में नागरिकों की सहायता करेगी। मंत्री ने कहा कि सरकार डीपफेक से निपटने के लिए जल्द ही नए नियम लाएगी। इस बीच, सरकार ने आदेश दिया है कि सोशल मीडिया कंपनियों को भ्रामक और डीपफेक वीडियो की पहचान करनी होगी। सर्वेक्षण के अनुसार, बहुत कम लोग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर देखे गए वीडियो की प्रामाणिकता के बारे में जानते हैं या इसकी जांच करने की जहमत उठाते हैं। सामुदायिक चर्चाओं के हिस्से के रूप में, लोगों ने बेहद खराब प्रतिक्रिया व्यक्त की है कि जब उनका सोशल मीडिया अकाउंट हैक हो जाता है, तो प्लेटफॉर्म को उपयोगकर्ताओं की शिकायतों के प्रति प्रतिक्रिया देनी पड़ती है।



# आज रायपुर में होगा चौथा टी20, टीम इंडिया जीत से एक कदम दूर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शुक्रवार को सूर्यकुमार की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम रायपुर में अस्ट्रेलिया से भिड़ने वाली है। 5 मैचों की सीरीज के चौथे टी20 मैच में रोमांचक मुकाबला होने वाला है। मेजबान टीम इंडिया सीरीज जीत से एक कदम दूर है। बता दें कि शुरुआती दो टी20 जीतकर भारत ने सीरीज की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में की थी लेकिन तीसरे टी20 में ऑस्ट्रेलिया ने जबरदस्त वापसी की। मेजबान टीम ने गुवाहाटी में 222 रन का सफल रन चेज करते हुए सीरीज को जीवित रखा है। चौथा टी20 मैच रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच पर खेला जा रहा है। जानकारी के अनुसार रायपुर के इस स्टेडियम में पहली बार टी20 इंटरनेशनल मैच खेला जाएगा। इससे पहले यहां सिर्फ एक वनडे इंटरनेशनल मैच का आयोजन हुआ है। हालांकि आईपीएल चैंपियंस लीग टी20 और रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज के मुकाबले यहां खेले जा चुके हैं। भारत की कई पिचें बैटर्स के मुफीद रही हैं। ऐसे में जरूरी नहीं कि रायपुर की पिच पर भी बल्लेबाजों के लिए बेहतरीन साबित होगी।

क्रिकेट के जानकार यह भी बता रहे हैं कि शुरुआती ओवरों के बाद स्पिनर्स यहां कहर ढा सकते हैं। जबकि पेसर्स को इस विकेट पर सफल होने के लिए वेरिएशन और स्लोअर डिलिवरी करनी होगी। बता दें कि भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें टी20 में 28 बार भिड़ चुकी हैं। इस वेन्यू की बाउंड्री बड़ी हैं। यहां पर अभी तक 29 टी20 मैच खेले गए हैं जिसमें चेज करने वाली टीम को हल्का सा एडवांटेज मिला है। चेज करने वाली टीम 16 मैचों में विजयी रही है वहीं 13 में पहले बैटिंग करने वाली टीम ने बाजी मारी है। इस वेन्यू पर अधिकतर समय 150 प्लस स्कोर बना है। ओस की भूमिका अहम रहने की उम्मीदी है। ऐसे में टॉस जीतने वाले कप्तान पहले बॉलिंग का फैसला ले सकते हैं।




भारत के लिए संभावित प्लेयर्स में यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड़, ईशान किशन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, दीपक चाहर, रवि बिश्नोई, अवेश खान, अर्शदीप सिंह शामिल हैं।

## राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिपः पंघाल और थापा सेमीफाइनल में पहुंचे



**शिलॉंग (एजेंसी)।** विश्व चैम्पियनशिप के उपविजेता अमित पंघाल (51 किलो) और 2021 एशियाई चैम्पियन संजीत (92 किलो) ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और एसएससीबी के 12 मुक्केबाजों ने पुरूषों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता शिवा थापा भी अंतिम चार में पहुंच गए। उन्होंने दिल्ली के शशांक प्रधान को 5.0 से हराया और अब उनका सामना महाराष्ट्र के हरिवंश तिवारी से होगा। पंघाल ने जम्मू कश्मीर के मोहम्मद आरिफ को सर्वसम्मति से लिये गए फैसले पर हराया। अब उनका सामना आरएसपीबी के अंकित से होगा। संजीत ने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता आरएसपीबी के नमन तंवर को 92 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में हराया। अब उनका सामना अखिल भारतीय पुलिस के विकी से होगा।

एसएससीबी के बरूण सिंह (48 किलो), पवन (54 किलो), सचिन (57 किलो), आकाश (60 किलो), वंशज (63.5 किलो), रजत (67 किलो), आकाश (71 किलो), दीपक (75 किलो), लक्ष्य (80 किलो) और जुगनू (86 किलो) ने भी सेमीफाइनल में जगह बनाई। राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता सागर (92 प्लस किलो) ने चंडीगढ के नवजोत सिंह को मात दी। अब उनका सामना दिल्ली के विशाल कुमार से होगा।

## राष्ट्रीय खेल महासंघों ने ओलंपिक से पहले विस्तृत कार्यक्रम तैयार किया होगाः पीटी उषा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने गुरुवार को उम्मीद जताई कि सभी राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) ने पेरिस खेलों में जाने वाले खिलाड़ियों की ट्रेनिंग सह प्रतियोगिता का खाका तैयार कर लिया होगा क्योंकि उनकी सफलता के लिए 'उचित योजना बनाना' महत्वपूर्ण है। उषा ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'उचित योजना बनाना महत्वपूर्ण है जिससे कि ओलंपिक खेलों से पहले तैयारी के सभी पहलुओं का ध्यान रखा जा सके।' उन्होंने कहा, 'सभी एनएसएफ ने अगले वर्ष के लिए अंतरराष्ट्रीय अनुभव सह प्रतियोगिता योजना के लिए एक विस्तृत कार्यक्रम तैयार किया होगा।' ओलंपिक से पहले डोपिंग उल्लंघन से बचने के लिए आईओए अपने कोर समूह के खिलाड़ियों को डोपिंग रोधिंग नियमों पर शिक्षित करने के लिए विशेष सेमिनार का आयोजन भी करेगा। इस सेमिनार का आयोजन आगामी महीनों में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के सहयोग से किया जाएगा। उषा ने कहा, ''हम ओलंपिक खेलों के लिए जाने वाले खिलाड़ियों को डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन के बारे में शिक्षित करना चाहते हैं जिससे कि खेलों के दौरान उचित अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।' उन्होंने कहा, 'आईओए ने खेलों की अखंडता को बनाए रखने के लिए सख्त डोपिंग



रोधी उपाय किए हैं।' यह पूछे जाने पर कि आईओए खेलों की तैयारी के लिए खिलाड़ियों को कैसे समर्थन दे रहा है, उन्होंने कहा, 'खेलों के दौरान अच्छी प्रशिक्षण सुविधाएं होना महत्वपूर्ण है। आईओए यह भी सुनिश्चित करेगा कि खिलाड़ियों के पास चोटों से बचने और स्वस्थ रहने के लिए पर्याप्त खेल विज्ञान बैकअप हो।' पेरिस ओलंपिक खेल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होंगे। अक्टूबर में मुंबई में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के सत्र के दौरान उषा ने आईओसी प्रमुख थॉमस बाक के साथ भविष्य में भारत में ओलंपिक की मेजबानी की संभावना पर भी चर्चा की थी। उन्होंने कहा, 'जैसा कि भारत के माननीय प्रधान मंत्री ने घोषणा की थी कि 2030 में युवा ओलंपिक और 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की बोली से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर यह एक अच्छी और स्वस्थ चर्चा थी।' उषा इस बात को लेकर भी सकारात्मक थीं कि कई निजी कंपनियां और राज्य सरकारें खेलों में निवेश कर रही हैं जिससे देश में खेलों के विकास को बढ़ावा मिलेगा।

## भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका टी20आई सीरीज के लिए बतौर कप्तान लौटे रोहित शर्मा, केएल राहुल वनडे टीम में शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट विश्व कप 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मिली हार को भुलाकर एक बार फिर से रोहित शर्मा वापसी कर रहे हैं। बीसीसीआई ने उन्हें दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टी20 आई सीरीज के लिए कप्तान चुना है। रोहित करीब एक साल से टी20 फॉर्मेट नहीं खेले हैं ऐसे में हार्दिक पांड्या के चोटिल होने के बाद उन्हें बीसीसीआई ऑफिशियल ने फिर से कप्तानी संभालने को कहा है। फिलहाल अभी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 टी20 मैचों की सीरीज के लिए सूर्यकुमार यादव कप्तानी कर रहे हैं। लेकिन दक्षिण अफ्रीका की मजबूत टीम के खिलाफ बीसीसीआई ने रोहित शर्मा पर ही भरोसा किया है।

**भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे का पूरा शेड्यूल**

पहला टी20- 10 दिसंबर (डरबन)
दूसरा टी20- 12 दिसंबर (गकेबरहा)
तीसरा टी20- 14 दिसंबर (जोहानिसबर्ग)
पहला वनडे- 17 दिसंबर (जोहानिसबर्ग)
दूसरा वनडे- 19 दिसंबर (गकेबरहा)
तीसरा वनडे- 21 दिसंबर (पर्ल)
पहला टेस्ट- 26-30 दिसंबर (सेंचुरियन)
दूसरा टेस्ट- 3-7 जनवरी (केपटाऊन)



## दिनेश कार्तिक का बल्ला चला, 40वां लिस्ट ए अर्धशतक लगाकर टीम को दिलाई जीत

**मुंबई (एजेंसी)।** विजय हजारे ट्राफी में अनुभवी क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक जड़ा जिससे तमिलनाडु की टीम जीत गई। दिनेश कार्तिक ने ग्रुप ई के कम स्कोर वाले वनडे मैच में खराब शुरूआत से उबरते हुए बड़ौदा को 38 रन से मात दी। तमिलनाडु की टीम बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद 52 रन पर 5 विकेट गंवाकर जूझ रही थी, तब कप्तान ने अपने अनुभव की बदौलत 51 गेंद में 68 रन की पारी खेली जिसमें 9 चौके और 2 छक्के जड़े थे। यह उनका 40वां लिस्ट ए में अर्धशतक था। कार्तिक ने शाहरूख खान (31 रन) के साथ मिलकर 75 रन की भागीदारी निभायी और टीम को 150 रन के पार कराया। लेकिन टीम 33.3 ओवर में 162 रन पर सिमट गई। बड़ौदा के लिए लुकमान मेरीवाला ने चार और निनाद राथवा ने तीन विकेट झटके। इसके बाद बड़ौदा की टीम 23.3 ओवर में 124 रन पर सिमट गयी जिसमें टी नटराजन ने चार विकेट झटके।

वहीं वरूण चक्रवर्ती और आर साई किशोर ने



मिलकर 5 विकेट चटकाए। अहमदाबाद में ग्रुप सी के मैच में कर्नाटक के बल्लेबाज देवदत्त पडीक्कल ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 57 गेंद में नाबाद 93 रन बनाए जिससे टीम बिहार पर 7 विकेट की जीत दर्ज करने में सफल रही। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए पडीक्कल ने नौ चौके और पांच छक्के लगाए जिससे कर्नाटक ने 218 रन का लक्ष्य महज 33.4 ओवर में हासिल कर लिया। कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और बिहार को 7 विकेट पर 217 रन ही बनाने दिए जिसके लिए सकिबुल गनी ने 100 गेंद में नाबाद 113 रन बनाए।

वहीं अलूर में ग्रुप ए मैच में संजू सैमसन के फ्लाप होने के बावजूद केरल ने त्रिपुरा को 119 रन से मात दी। विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद अजहरूद्दीन 61 गेंद में 58 रन बनाकर केरल के लिए शीर्ष स्कोरर रहे जबकि टीम 47.1 ओवर में 231 रन पर सिमट गई। इसके बाद अखिन साठर, अखिल स्कारिया और वैसाख चंद्रन के मिलकर लिए गए 8 विकेट से केरल ने त्रिपुरा को 112 रन पर समेट दिया। इसी तरह अहमदाबाद में ग्रुप सी मैच में जम्मू कश्मीर ने रासिख सलाम (23 रन देकर चार विकेट) और सलामी बल्लेबाज शुभम खजूरिया के 109 रन की मदद से दिल्ली को 75 रन से मात दी।

## युगांडा ने रचा इतिहास, टी20 विश्व कप 2024 के लिए किया क्वालीफाई

स्पोर्ट्स डेस्क। रवांडा के खिलाफ खेले गए आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप अफ्रीका रीजन क्वालीवाइयर 2023 में युगांडा टीम ने जीत दर्ज करते हुए इतिहास रच दिया है। युगांडा इस जीत के साथ टी20 विश्व कप 2024 के लिए क्वालीफाई कर गई और उसने पहली बार ऐसा किया है। क्वालीफायर में युगांडा ने अपने शुरुआती मैच में तंजानिया को 8 विकेट के आसान अंतर से हरा दिया। हालांकि अगले मैच में नामीबियाई ऑलराउंडर डेविड विसे के शानदार 4/17 ने उन्हें छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। अफ्रीकी टीम ने टेस्ट खेल रहे जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हराकर शानदार अंदाज में जीत हासिल की। जबकि कप्तान सिकंदर रजा के 48* रन ने उनकी टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया। युगांडा के दिनेश नाकरानी (3/14) के नेतृत्व में गेंदबाजी प्रयास ने शेवरॉन को 136/7 तक सीमित कर दिया। पीछा करने के दौरान रियाजत अली शाह (42) और अल्पेश रमजानी (40) ने एक बड़े क्रिकेट उलटफेर में पांच विकेट शेष रहते जीत हासिल की।



## 'मुझे रविंद्र जडेजा से ईर्ष्या होती है' आर अश्विन ने किया खुलासा



मुंबई। भारतीय टीम स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा अगर टीम इंडिया के साथ खेलते हैं तो उनकी मौजूदगी से टीम को मजबूती मिलती है। बल्लेबाजी और गेंदबाजी के अलावा फील्डिंग में भी सर जडेजा जैसा कारनामा दूसरे खिलाड़ी कम ही कर पाते हैं। हाल ही में अनुभवी स्पिनर रवि अश्विन ने जडेजा को लेकर खुलासा किया है कि उन्हें रविंद्र जडेजा से ईर्ष्या क्यों है? दोनों स्पिनरों को आखिरी बार एक साथ वर्ल्ड कप की लीग स्टेज में हुए भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया मुकाबले में देखा गया था। हाल ही में स्पोर्टस्टार पर बातचीत करते हुए अश्विन ने कहा कि, विराट कोहली आज दुनिया के सबसे सेब्रल क्रिकेटर हैं। हालांकि, मुझे जिस क्रिकेटर से सबसे ज्यादा ईर्ष्या होती है, वह हैं रविंद्र जडेजा। वहीं अश्विन ने कहा कि, जडेजा की यात्रा और मेरी यात्रा काफी विपरीत है। जडेजा दिनोंदिन एक ही जगह पर गेंद डाल सकते हैं, मैदान पर काफी एथलेटिक हो सकते हैं। बल्ले से बेहद सरल हो सकते हैं और ज्यादातर दिनों मिलियम डॉलर कमा सकते हैं। मैं ऐसा करने का जोखिम नहीं उठा सकता हूं। अमूमन अश्विन अपने मन की बात कहने में हिचकिचाते हैं। वह ये बात जडेजा से नहीं बोल पा रहे थे। उन्होंने इस बात का भी खुलासा किया है कि अक्सर दोनों स्पिनरों में बेहतर होने को लेकर खींचतान रहती है।

## जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में भारत का जीत के साथ आगाज

**सैंटियागो (एजेंसी)।** भारतीय टीम ने एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्व कप में कनाडा को 12.0 से हराकर शानदार शुरूआत की। भारत के लिए मुमताज खान ने चार (26वां, 41वां, 54वां और 60वां), अन्नु (चौथा, छठा, 39वां मिनट) और दीपिका सोरेंग (34वां, 50वां और 54वां) ने तीन तीन गोल किए। डिप्पी मोनिका टोप्पो ने 21वें मिनट में और नीलम ने 45वें मिनट में गोल दागे।

भारत ने आक्रामक शुरूआत की और जल्दी ही अन्नु ने पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दागकर बढ़त दिला दी। दो गोल करने के बावजूद भारत ने आक्रामक खेल जारी रखा और पहले क्वार्टर तक बढत 2.0 की बनी रही। दूसरे क्वार्टर में भी भारत का दबदबा रहा। डिप्पी और मुमताज ने इसका फायदा उठाकर एक एक फील्ड गोल दाग दिया। इस बीच कनाडा को मिला पेनल्टी कॉर्नर बेकार गया। हाफटाइम तक भारत के पास चार गोल की बढ़त थी। दूसरे हाफ में दीपिका ने पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किया जिसके बाद अन्नु ने भी हैट्रिक पूरी की। मुमताज ने अपना दूसरा गोल भी दागा। वहीं नीलम ने पेनल्टी को गोल में बदलकर भारत की बढ़त 8.0 की कर दी। आखिरी क्वार्टर में दीपिका और मुमताज ने गोल दागे। भारत का सामना शुक्रवार को जर्मनी से होगा।



## वालेंशिया में पांच देशों के हॉकी टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी संभालेंगे हरमनप्रीत

नई दिल्ली। अनुभवी ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह 15 से 22 दिसंबर तक स्पेन के वालेंशिया में होने वाले पांच देशों के टूर्नामेंट में भारत की 24 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगे। टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। सुमित और अमित रोहिदास उपकप्तान होंगे। यह टूर्नामेंट 2023 . 24 हॉकी प्रो लीग सत्र की तैयारी के लिये अहम होगा। इसमें भारत का सामना स्पेन, जर्मनी, फ्रांस और बेल्जियम से होगा। गोलकीपिंग में पी आर श्रीजेश और कृशन बी पाठक के साथ सूरज करकेरा भी होंगे। डिफेंस की कमान हरमनप्रीत, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, रोहिदास, वरूण कुमार, सुमित, संजय और नीलम संजीप सेस के हाथ में होगी। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि इस टूर्नामेंट से युवाओं को दुनिया की शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलने का दबाव अनुभव करने का मौका मिलेगा। उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा, '' हमारे पास युवा और अनुभवी खिलाड़ियों सहित संतुलित टीम है। टूर्नामेंट में हमें विभिन्न चीजें आजमाने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही युवा खिलाड़ियों को दुनिया की श्रेष्ठ टीमों के खिलाफ खेलने का दबाव अनुभव करने का मौका भी मिलेगा।' उन्होंने कहा, '' पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले अगले चार महीने काफी अहम हैं और हमें कदम दर कदम आगे बढना होगा।'



**भारतीय टीम** : गोलकीपर : पी आर श्रीजेश, कृशन बहादुर पाठक, सूरज करकेरा

डिफेंडर: हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, अमित रोहिदास, वरूण कुमार, सुमित, संजय और नीलम संजीप सेस

मिडफील्डर : यशदीप सिवाच, विवेक सागर प्रसाद, नीलाकांता शर्मा, राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, रविचंद्र सिंह मोइरांगथम फॉरवर्ड : मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, कार्ति सेल्वम, दिलप्रीत सिंह, आकाशदीप सिंह।

## 'आशा है कि वह फिनिशर के रूप में टैग नहीं होना चाहता', रिंकू सिंह पर बोले आशीष नेहरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज आशीष नेहरा ने उम्मीद जताई कि मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह को वनडे में भी जगह मिलेगी, उन्होंने कहा कि बाएं हाथ के बल्लेबाज को इसके बजाय सभी विभागों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना चाहिए बजाय अपने 'फिनिशर टैग' से संतुष्ट रहने के। रिंकू ने मौजूदा भारत-ऑस्ट्रेलिया टी20आई श्रृंखला के दौरान अपने 'फिनिशर' टैग को सही ठहराना जारी रखा है, उन्होंने श्रृंखला में अब तक 14 गेंदों में 22* और केवल नौ गेंदों में 31* की प्रभावशाली पारी खेली है।

नेहरा ने कहा, 'यह पहली बार नहीं है कि उसने ऐसा किया है (खेल खत्म किया है)। हम सभी उसकी भूमिका, उसकी ताकत के बारे में चर्चा कर रहे हैं। न केवल उसकी बल्लेबाजी के बारे में, यहां तक कि जिस तरह से वह खुद को मैदान पर छोड़ता है, उससे पता चलता है कि वह एक खिलाड़ी है।' नेहरा ने कहा, 'महान टीम मैन। वह भारतीय




क्रिकेट के लिए एक बड़ी संपत्ति होंगे। हां, हम केवल टी20 क्रिकेट के बारे में बात कर रहे हैं, लेकिन कौन जानता है कि कल वह वनडे क्रिकेट भी खेल सकते हैं।' पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि वह वास्तव में 'फिनिशर' शब्द के प्रशंसक नहीं हैं क्योंकि एक सलामी बल्लेबाज को भी फिनिशर के रूप में टैग किया जा सकता है यदि वह टिककर शतक बनाता है।

## टेस्ट श्रृंखला के लिए फिट होने बेन स्टोक्स ने कराई सर्जरी

लंदन। भारत में अगले साल जनवरी में होने वाली टेस्ट सीरीज के लिये तैयारियां शुरु हो गई हैं। टीम में फिट रहने की कवायद करते हुए इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपने बायें पैर की सर्जरी कराई है। 32 वर्ष के स्टोक्स इस साल आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले तीन एशेज टेस्ट में गेंदबाजी नहीं कर सके थे और विश्व कप में भी बतौर बल्लेबाज ही खेले थे। उन्होंने इस महीने की शुरूआत में कहा था कि वह विश्व कप के बाद ऑपरेशन कराएंगे। स्टोक्स ने लंदन के क्रोमवेल हॉस्पिटल के बाहर बैसाखियों के सहारे खड़े अपनी तस्वीर सोशल मीडिया पर डालते हुए लिखा, 'भीतर और बाहर। अंडर द (नाइफ इमोजी) डन। रिहैब शुरू। गौरतलब है ?कि भारत में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला 25 जनवरी को हैदराबाद में शुरू होगी। इससे पहले इंग्लैंड टीम यूएई में दो सप्ताह अभ्यास शिविर में भाग लेगी। हालां ?कि स्टोक्स ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह 2024 आईपीएल नहीं खेलेंगे ताकि कार्यभार और फिटनेस का ध्यान रख सकें। वह आईपीएल 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स के सबसे महंगे खिलाड़ी थे लेकिन चोट के कारण कई मैच नहीं खेल सके।

## राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप 2023 में सिफ्त कौर सामरा ने अपने नाम किया गोल्ड मेडल



एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता सिफ्त कौर सामरा ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप में पंजाब की सीनियर साथी अंजुम मोदगिल को पछाड़कर महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पॉजिशंस स्पर्धा में लगातार दूसरा खिताब हासिल किया। भारत की वर्तमान में नंबर एक महिला स्कीट निशानेबाज गनेमत सेखों और नंबर एक पुरुष स्कीट निशानेबाज अनंतजीत सिंह नारूका ने कर्णी सिंह रेंज पर अपना पहला व्यक्तिगत सीनियर राष्ट्रीय खिताब जीता। सिफ्ट ने फाइनल में 465.7 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया जबकि अंजुम (463.8 अंक) दूसरे स्थान पर रहीं। मध्य प्रदेश की आशी चौकसी 452 अंक से तीसरे स्थान पर रहीं। अंजुम ने पहले 15 'नीलिंग' पॉजिशन शॉट में बढ़त बनायी हुई थी लेकिन सिफ्ट ने 15 'प्रोन' शॉट में बढ़त बनायी और फिर मुड़कर नहीं देखा। सिफ्ट और अंजुम ने पंजाब को टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक भी दिलाया। इससे पहले हरियाणा की निशानेबाज निश्चल ने 595 अंक से नया क्वालीफिकेशन राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

# फिर टीम इंडिया के कोच बने राहुल, मिलेगी इतनी सैलरी

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने राहुल द्रविड़ का कोचिंग कार्यकाल बढ़ा दिया है। इसका मतलब ये है कि द्रविड़ टीम इंडिया में बतौर कोच अपने दूसरे कार्यकाल के लिए तैयार हैं। इससे पहले ऐसी खबरें थीं कि द्रविड़ अनुबंध बढ़ाने के इच्छुक नहीं हैं। द्रविड़ का दूसरा कार्यकाल कब तक का है, बीसीसीआई ने अभी तक इसपर कोई अपडेट नहीं दिया है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट के अनुसार द्रविड़ अगले साल यानी जून 2024 टी20 विश्व कप तक टीम इंडिया के कोच पद पर बने रह सकते हैं।

बीसीसीआई ने राहुल के कार्यकाल को बढ़ाने का ऐलान किया है, लेकिन इस पद पर वह कब तक बने रहने वाले हैं, और इसके लिए उनकी सैलरी क्या होगी? इसपर कोई अपडेट नहीं आया है। बीसीसीआई ने कहा, 'भारतीय क्रिकेट बोर्ड हेड कोच राहुल द्रविड़ और टीम इंडिया (सीनियर पुरुष) के सपोर्ट स्टाफ के कॉन्ट्रेक्ट बढ़ाने का ऐलान करता है। बोर्ड ने विश्व कप के बाद द्रविड़ का कार्यकाल पूरा होने पर उनसे बातचीत की और सर्वसम्मति से उनका कार्यकाल बढ़ाने का फैसला किया गया।

द्रविड़ का कार्यकाल आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 फाइनल के बाद खत्म हो गया था। उन्हें बतौर कोच बीसीसीआई की ओर से सालाना 10 करोड़ सैलरी के रूप में मिलती थी। ऐसी खबरें हैं कि द्रविड़ की दूसरे कार्यकाल की सैलरी में बढ़ोतरी हुई है। हालांकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड की ओर से अभी इसपर कोई आधिकारी जानकारी नहीं दी गई है।

द्रविड़ साल 2021 में पहली बार टीम इंडिया के कोच बने थे। उनका पहला कार्यकाल दो साल का रहा। द्रविड़ के बतौर कोच रहते भारतीय टीम एशिया कप 2023 जीतने में सफल रही जबकि आईसीसी क्रिकेट विश्व कप और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में टीम इंडिया को उप विजेता से संतोष करना पड़ा। टी20 विश्व कप 2023 का आयोजन जून 2024 में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होना है। द्रविड़ के कॉन्ट्रेक्ट बढ़ने के बाद यह साफ हो गया है कि वीवीएस लक्ष्मण एनसीए में डारयरेक्टर पद पर बने रहने वाले हैं।






- **डॉ. रामनिवास शर्मा** (सहायक प्रोफेसर, पौध व्याधि)
- **डॉ. उदयभान सिंह** (प्रोफेसर एवं अधिष्ठाता)
  कृषि महाविद्यालय, कुम्हेर, राजस्थान (श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर)
- **डॉ. जे.के. गुप्ता** (सहायक प्रोफेसर, कीट)
  कृषि महाविद्यालय, लालसोट, राजस्थान (श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विवि, जोबनेर)


# खेती में जैव कीट-रोगनाशक अपनाकर प्रकृति को बचायें

**देश में फसलों को कीटों व रोगों से प्रतिवर्ष लगभग 7 से 25 प्रतिशत तक नुकसान होता है। कृषि के क्षेत्र में रासायनिक कीट व रोगनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से कीट व रोगकारकों में प्रतिरोधक क्षमता उत्पन्न हो रही है। इसके साथ-साथ इन महंगे कीट व रोगनाशकों के प्रयोग से किसान की माली हालत भी कमजोर हो गई है। ये रासायनिक कीट व रोगनाशी वातावरण को प्रदूषित करने के साथ-साथ भोज्य पदार्थों को भी जहरीला बना रहे हैं एवं साथ में भूमि की उर्वरा शक्ति को भी चौपट कर रहे हैं। फिर भी किसान कीट व रोगों को त्वरित गति से नियंत्रित करने के लिए इन कीट व रोगनाशकों का अंधाधुंध प्रयोग कर रहे हैं, जबकि प्रकृति में ऐसे प्राकृतिक जैव नियंत्रक विद्यमान हैं जैसे- एन.पी.वी., ट्राइकोग्रामा, क्राइसोपर्ला, ट्राइकोडर्मा, स्यूडोमोनास आदि, जिनका प्रयोग कर रासायनिक दवाओं के अनावश्यक खर्च, कीट व रोगकारकों में प्रतिरोधक क्षमता व प्रदूषण के दुष्प्रभावों से बच जा सकता है। खेती में प्रयोग किये जाने वाले मुख्य जैव नियंत्रक इस प्रकार हैं-**

### जैविक रोगनाशी
### ट्राइकोडर्मा

यह एक प्राकृतिक जैव फफूंदनाशी फफूंद है जो नरमा-कपास, दलहन, शाक-सब्जियों व मसाले की फसलों में बीज व बीजांकुर गलन, जड़ गलन, तना गलन व उकठा आदि बीज व मृदा जनित बीमारियों से फसल सुरक्षा में प्रभावी है। इस फफूंद की तीन प्रजातियाँ - ट्राइकोडर्मा हारजेनियम, ट्रा. विरिडी व ट्रा. हैमेटम मुख्य रूप से ज्यादा प्रचलित हैं।

ट्राइकोडर्मा का उपयोग बीजोपचार व मृदा उपचार के लिए किया जाता है। बीज के द्वारा या सीधे मृदा में पहुंचने के बाद यह फफूंद उचित नमी एवं वायु की उपस्थिति में स्वयं वृद्धि करने लगती है एवं कुछ विषैले पदार्थ जैसे- ट्राइकोडर्मिन, ग्लाइओटॉक्सिन, विरिडिन या एन्जाइम जैसे बीटा (1-3) ग्लूकेनेज व काइटीनेज आदि का स्राव करती है जो कि फसलों के रोगजनकों की वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं जिससे रोगों की रोकथाम में मदद मिलती है।

**उपयोग विधि**

ट्राइकोडर्मा का उपयोग बीजोपचार एवं मृदा उपचार में किया जाता है। बीजोपचार के लिए बीज को सादा पानी से थोडा गीला करके कुछ समय तक छाया में फरेरा करने के बाद 5-10 ग्राम ट्राइकोडर्मा (टाल्क पाउडर आधारित) को प्रति किलो बीज के हिसाब से बीज के साथ मिलायें एवं तत्पश्चात बीज की बिजाई करें।

जिस खेत में प्रत्येक वर्ष बीमारी का प्रकोप अधिक होता हो उस खेत में मृदा उपचार करना आवश्यक होता है। मृदा उपचार के लिए प्रति हेक्टेयर क्षेत्र के हिसाब से 5-10 किलोग्राम ट्राइकोडर्मा (टाल्क पाउडर आधारित) को 200 किलोग्राम सड़ी हुई गोबर की खाद (एफ.वाई.एम.) में मिलाकर बुवाई से पूर्व मृदा में भुरकें।

### स्यूडोमोनास फ्लूऑरेसेन्स

यह एक जैव फफूंद व जीवाणुनाशी जीवाणु है जो कि नरमा-कपास, दलहन, शाक-सब्जियों व फलदार पौधों में रोगों जैसे नींबू का कैंकर, कपास का जीवाणु अंगमारी, कपास का जड़ गलन, गोभी की काली सड़न, गवार का जीवाणु अंगमारी आदि से फसल सुरक्षा में प्रभावी है। स्यूडोमोनास फ्लूऑरेसेन्स प्रकिण्डों व प्रतिजैविक पदार्थों का स्राव करता है जो कि रोगजनकों पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। यह परजीविता, प्रतिजैविकता एवं प्रतिस्पर्धा जैसे प्रतिपक्षी अंतः क्रियाओं के संयोजन से सूत्रकृमि व रोगों को नियंत्रित करता है। यह पौधों की बढ़वार में भी सहायक है।

**उपयोग विधि**

स्यूडोमोनास फ्लूऑरेसेन्स का उपयोग बीजोपचार में किया जाता है। बीजोपचार के लिए बीज को सादा पानी से थोड़ा गीला करके कुछ समय तक छाया में फरेरा करने के बाद 5-10 ग्राम ट्राइकोडर्मा (टाल्क पाउडर आधारित) को प्रति किलो बीज के हिसाब से बीज के साथ मिलायें एवं तत्पश्चात बीज की बिजाई करें। सब्जियों आदि की पौध को रोपाई से पूर्व स्यूडोमोनास फ्लूऑरेसेन्स (टाल्क पाउडर आधारित) के 1 प्रतिशत घोल में 3 मिनट तक डुबोकर रोपाई करें। खड़ी फसल में पौधों के वायवीय भागों पर रोग (विशेषकर जीवाणु जनित) के लक्षण दिखाई देने पर स्यूडोमोनास फ्लूऑरेसेन्स (टाल्क पाउडर आधारित) के 0.5 प्रतिशत घोल का छिड़काव करें।

### जैविक कीटनाशी
### एन.पी.वी. (न्यूक्लियर पॉलीहेड्रोसिस वायरस)

एन.पी.वी. एक सुरक्षित जैव कीटनाशी है। इसका प्रयोग अमेरिकन सुण्डी (हरी लट) एवं तम्बाकू की सुण्डी के नियंत्रण हेतु किया जाता है। फसल पर इसका छिड़काव करने के बाद जब सुण्डी पौधे की पत्तियों अथवा फलों के भाग को खाती है तो उस भाग के साथ-साथ कुछ एन.पी.वी. भी उसकी आहार नाल में पहुँच जाता है। आहार नाल का माध्यम क्षरीय होने की वजह से यह एन.पी.वी. आहार नाल को गलाकर सुण्डी के शरीर की रक्त कोशिकाओं के केन्द्रक के साथ जुड जाता है एवं स्वयं की संख्या में वृद्धि करता रहता है जिससे सुण्डी लकवग्रस्त हो जाती है। अंत में यह विषाणु उसके सारे शरीर में फैलकर 3 से 5 दिनों के अन्दर सुण्डी को मार देता है। सुण्डी को मारने के लिए एन.पी.वी. का भोजन के साथ आहार नाल में पहुँचना आवश्यक है क्योंकि केवल बाहरी त्वचा पर छिड़कने से सुण्डी पर इसका कोई प्रभाव नहीं पडता है।

**उपयोग विधि**

किसी भी स्रोत से प्राप्त एन.पी.वी. जिसकी क्षमता $1X10^9$ पी.ओ. बी./एम.एल. हो, की 0.75 मि.ली. मात्रा प्रति लीटर पानी के हिसाब से फसल पर सुण्डी की दूसरी या तीसरी अवस्था तक छिड़क दें क्योंकि एन.पी.वी. सुण्डी की दूसरी या तीसरी अवस्था तक ही अधिक प्रभावी रहता हैं।

### ट्राइकोग्रामा

यह एक अण्ड परजीवी कीट है जो कि जैव नियंत्रण विधि का एक प्रभावी घटक है। यह परजीवी अत्यन्त छोटा व काले भूरे रंग का होता है। इस कीट का जीवन चक्र छोटा होने के कारण यह कई हानिकारक कीटों के अण्डों को नष्ट करता है जिससे हानिकरक कीटों की पीढ़ी आगे नहीं बढ़ पाती हैं। इस अण्ड परजीवी का प्रयोग कर गन्ना, धान, मक्का, कपास, टमाटर एवं बैंगन में लगने वाले लेपिडोप्टेरा समूह के विभिन्न कीटों का सफल व प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता हैं।

यह कीट कपास की हरी सुण्डी, चितकबरी सुण्डी, गुलाबी सुण्डी व चावल के तना छेदक आदि हानिकारक कीटों (पतंगों) के अण्डों में अपने अण्डे देकर अपना जीवन चक्र शुरू करता है एवं प्यूपा अवस्था तक का जीवन चक्र परपोषी के अण्डों में ही पूरा करता है। व्यस्क अवस्था में अण्डों से बाहर निकलकर पुनः अपना जीवन चक्र इन कीटों (पतंगों) के अण्डों में अपने अण्डे देकर प्रारम्भ कर देता है। इस प्रकार से ट्राइकोग्रामा परपोषी कीटों (पतंगों) के अण्डों के भ्रूणीय भाग को अपने पोषण के रूप में उपयोग कर लेता है जिससे कि इन अण्डों से सुण्डियां न निकलकर वयस्क ट्राइकोग्रामा निकलते हैं।

**उपयोग विधि**

ट्राइकोग्रामा परजीवी को परपोषी (कोरसायरा) के अण्डों पर तैयार करके ट्राइकोकार्ड के रूप में उपलब्ध कराया जाता है। एक कार्ड पर लगभग 20,000 परपोषी के अण्डे होते हैं जिनमें ट्राइकोग्रामा अण्ड परजीवी अपने अण्डे देकर अपना जीवन चक्र प्रारम्भ करता है। प्रारम्भ में परपोषी के अण्डे हल्के पीले रंग के होते हैं लेकिन ट्राइकोग्रामा परजीवी द्वारा संक्रमित होने पर ये अण्डे भूरे काले रंग के हो जाते हैं। एक हेक्टेयर खेत के लिए 150 से 160 हजार (8 ट्राइकाकार्ड) ट्राइकोग्रामा द्वारा संक्रमित परपोषी के अण्डों की आवश्यकता पड़ती है। प्रत्येक ट्राइकोकार्ड पर इन परजीवीयों के निकलने की सम्भावित तिथि अंकित होती है। इन परजीवीयों के निकलने की सम्भावित तिथि से एक दिन पूर्व खेत में कार्ड की पट्टी को अलग-अलग कर पौधे की निचली पत्तियों के साथ यू-क्लिप से या धागे से बांध दें। खेत में परजीवीयों का समान रूप से विचरण हो सके इसके लिए ट्राइकोकार्ड की पहली पट्टी खेत की मेड से 5 मीटर की दूरी पर लगायें व आगे की पट्टी 10 मीटर की दूरी पर लगायें। एक हेक्टेयर खेत में करीब 100 स्थानों पर ट्राइकोकार्ड की पट्टियां लगायें।

# रबी फसलों में डीएपी पर निर्भर न रहें, काम्पलेक्स फर्टिलाइज़र डालें

मध्य प्रदेश में रबी फसल की बुवाई तेजी से चल रही है जिसमें गेहूँ, चना, मटर, मसूर, सरसों, अलसी मुख्य फसलें हैं। जिसमें प्रायः किसानों द्वारा डीएपी यूरिया का प्रयोग किया जाता है जो कि एक लोकप्रिय किन्तु महंगा आदान है। कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि यूरिया, डीएपी के स्थान पर काम्पलेक्स उर्वरक (एनपीके) मिश्रण का उपयोग करें। जिसमें नाइट्रोजन एवं फास्फोरस तत्वों के साथ-साथ सल्फर एवं पोटाश तत्व की पूर्ति भी हो सके। सल्फर तिलहनी फसल सरसों,



राई में उपज बढ़ाने के साथ-साथ दाने में तेल की मात्रा में बढ़ोतरी करता है। काम्पलेक्स मिश्रण में 85 प्रतिशत फास्फोरस घुलनशील अवस्था में होने से फसल को उपलब्धता बरकरार रहती है। साथ ही पोटाश तत्व दाने में चमक लाने का कार्य करता है।

डीएपी यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता न होने पर विकल्प के रूप में जैसे सिंचित गेहूं हेतु अनुशंसित उर्वरक एनपीके (120:60:40) किग्रा/हे., की पूर्ति के लिए

**विकल्प-1** यूरिया 261 किग्रा/हे. एसएसपी 375 किग्रा/हे. एमओपी 67 किग्रा/हे. है।

**विकल्प-2** यूरिया 130 किग्रा/हे., एनपीके 28:28:0 214 किग्रा/हे., एमओपी 67 किग्रा/हे.।

**विकल्प-3** यूरिया 130 किग्रा/हे., एनपीके (20:20:0) किग्रा/हे. 300 किग्रा/हे. एवं एमओपी 67 किग्रा/हे.।

**विकल्प-4** यूरिया 213 किग्रा/हे., एनपीके (20:20:0) 231 किग्रा/ हे. एमओपी 23 किग्रा/हे.।

सिंचित गेहूं के लिये पोषक तत्व की प्रतिपूर्ति हेतु किसी भी एक विकल्प को किसान अपना सकते हैं। इस प्रकार डीएपी यूरिया के विकल्प के रूप में एनपीके काम्पलेक्स का उपयोग कर आदान की लागत को कम कर अधिक उत्पादन एवं लाभ प्राप्त किया जा सकता है।



# फीनिक्स से हीरो बनकर डेब्यू कर रहे विजय सेतुपति के बेटे सूर्या

साउथ फिल्मों के स्टार विजय सेतुपति के बेटे सूर्या अब हीरो के तौर पर एक्टिंग डेब्यू करने जा रहे है। सूर्या चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में कई फिल्मों में काम कर चुके है। पापा विजय सेतुपति संग भी सूर्या ने फिल्में कीं। उनकी नई फिल्म फीनिक्स को जवान के स्टंट कोरियोग्राफर डायरेक्ट करेंगे। जवान से पैन इंडिया तहलका मचाने वाले एक्टर विजय सेतुपति का बेटा भी अब एक्टिंग की दुनिया में धमाल मचाने को तैयार है। विजय सेतुपति के बेटे सूर्या एक चाइल्ड आर्टिस्ट रहे है, और अब वह लीड हीरो के रूप में डेब्यू करने जा रहे है। खबर है कि वह जवान के स्टंट कोरियोग्राफर अनल अरासु की नई फिल्म फीनिक्स से हीरो बनकर एंट्री करेंगे। बतौर फिल्ममेकर फीनिक्स अनल अरासु की पहली फिल्म होगी। बताया जा रहा है कि फीनिक्स एक मास-एक्शन एंटरटेनर होगी, जिसमें तगड़े चेज़िंग सीक्वेंस और स्टंट होंगे। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। सूर्या सेतुपति बचपन से ही एक्टिंग करते आ रहे है। कई फिल्मों में उन्होंने अपनी एक्टिंग का जौहर दिखाया है।

### पापा विजय सेतुपति के साथ सूर्या की फिल्में

सूर्या ने साल 2015 में उन्होंने नानुम राउडी धान नाम की फिल्म में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट काम किया था। इस फिल्म में उन्होंने पापा विजय सेतुपति के बचपन का रोल प्ले किया था। फिर 2019 में सूर्या सेतुपति फिल्म सिंधुबाध में नजर आए। इस फिल्म में भी बाप-बेटे यानी विजय सेतुपति और सूर्या की जोड़ी थी।

### कौन हैं अनल अरासु?

अनल अरासु जवान के अलावा जय हो, हीरोपंती, इंडियन, रेस 3, किसी का भाई किसी की जान और किक जैसी हिंदी फिल्मों के अलावा कई तेलुगू और मलयालम फिल्मों में भी एक्शन और स्टंट कोरियोग्राफ कर चुके हैं। वह कमल हासन की आने वाली फिल्म इंडियन 2 के भी स्टंट डायरेक्टर हैं।

# किसी को उसकी उम्र से नहीं आंका जाना चाहिए

रानी मुखर्जी ने बॉलीवुड इंडस्ट्री को मर्दानी, चलते-चलते, वीर-जारा जैसी कई सुपरहिट फिल्में दीं। फिल्मों में अभिनेत्री को उनकी शानदार अदाकारी के बारे में सराहा भी गया है। अब रानी ने कलाकारों के अभिनय कौशल के बारे में खुलकर बात की। रानी मुखर्जी का कहना है कि जब अभिनय की बात आती है तो किसी कलाकार को उसकी उम्र से नहीं आंका जाना चाहिए। गोवा में 54वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में एक इंटरैक्टिव सत्र के दौरान रानी ने कहा, मेरे दर्शकों ने मुझे प्यार किया है और वर्षों से मुझे स्वीकार किया है। उन्होंने वास्तव में मुझे उम्रवाद की इस बाधा को तोड़ने में मदद की है और मैं अपने दर्शकों से वादा करूंगी कि मैं 80 साल की उम्र तक काम करूंगी, निश्चित रूप से मुझे कोई संदेह नहीं है। अभिनेत्री ने आगे कहा, एक कलाकार होने के नाते मुझे नहीं लगता कि एक कलाकार को उसकी उम्र से आंका जाना चाहिए। आप जानते हैं कि मुझे लगता है कि ऐसा केवल इसलिए है, क्योंकि हमारा सिनेमा लोकप्रिय सिनेमा के रूप में जाना जाता है और आप युवा लोगों को स्क्रीन पर देखना चाहते हैं। यही बात युवाओं को हर समय थिएटर जाने और फिल्में देखने के लिए मजबूर करती है। रानी मुखर्जी ने आगे कहा कि खुद के भ्रमित दुनिया से बाहर आना चाहिए और विश्वास करें कि आप हमेशा युवा रहेंगे। आप दिल से भी युवा हो सकते है, लेकिन अपनी उम्र को स्वीकार करने और अपनी उम्र के अनुरूप भूमिकाओं को स्वीकार करने पर आप दर्शकों के दिल में और खास जगह बना पाएंगे, इसलिए यह हमेशा से मेरा एक सचेत निर्णय रहा है कि मैं अपने दर्शकों को कुछ ऐसा दे सकूं जो उन्हें पसंद आए। रानी ने कहा कि अगर मुझे आज एक कॉलेज छात्रा की भूमिका निभानी होती तो मैं एक कॉलेज छात्रा की भूमिका निभा सकती थी, लेकिन मुझे उन्हें यह भी दिखाना होगा कि मैं एक मां हूं और मेरी उम्र 40 साल है और मैंने शायद कॉलेज वापस जाने का फैसला किया है, क्योंकि इस उम्र में ऐसे बहुत से लोग हैं, जो कॉलेज वापस जाते हैं और अध्ययन करते हैं।





# कॉफी विद करण 8 में नजर आएंगे आमिर खान

बॉलीवुड में मिस्टर परफेक्शनिस्ट के नाम से मशहूर आमिर खान और उनकी पूर्व पत्नी किरण राव इन दिनों फिल्म लापता लेडीज को लेकर लगातार चर्चा में हैं। इस फिल्म का लोगों को लंबे समय से इंतजार है। यह फिल्म अगले साल एक मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। बता दें कि यह पहला मौका नहीं है जब आमिर और किरण इस शो का हिस्सा बनने वाले है। इससे पहले वे साल 2013 में भी इस शो में शिरकत कर चुके हैं एक रिपोर्ट के मुताबिक बताया जा रहा है कि आमिर और किरण शो के मौजूदा सीजन के आखिरी मेहमान होंगे। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि इसमें शामिल सभी लोगों के लिए यह बेहद मजेदार शूट था। आमिर और किरण की मुलाकात लगान की शूटिंग के दौरान हुई थी। कई वर्षों की दोस्ती के बाद 2005 में दोनों ने शादी कर ली थी। हालांकि, 16 साल के बाद दोनों 2021 में अलग हो गए। दोनों का एक बेटा है, जिसका नाम आजाद राव खान है। हालांकि, यह जोड़ी अब साथ नहीं है, फिर भी वे एक-दूसरे के साथ सबसे अच्छे संबंध रखते है हाल ही में जब आमिर की बेटी आयरा की सगाई नुपुर शिखरे से हुई तो किरण अपने बेटे के साथ इस कार्यक्रम में मौजूद थीं। आमिर, किरण की आने वाली फिल्म लापता लेडीज के निर्माता भी है, जिसका प्रीमियर टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। आमिर ने ही सिनेस्तान स्क्रिप्ट लैब से यह स्क्रिप्ट ली थी और इसे निर्देशित करने के लिए किरण को दिया था। दोनों पानी फाउंडेशन पर भी एक साथ काम कर रहे हैं, जिसे उन्होंने एक साथ शुरू किया था।



# हाईवे से मिली अलीजेह को अभिनय करने की प्रेरणा

सलमान खान की भांजी अलीजेह अग्निहोत्री ने फिल्म फर्रे के साथ अपने अभिनय करियर की शुरुआत की है। सौमेंद्र पाढ़ी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 24 नवंबर, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। अब हाल ही में एक मीडिया बातचीत के दौरान अलीजेह ने आलिया भट्ट की फिल्म हाईवे से मिली सीख का खुलासा किया। अलीजेह अग्निहोत्री ने कहा कि उन्हें अभिनय को आगे बढ़ाने की प्रेरणा फिल्म हाईवे देखने से मिली है।

### हाईवे से मिली प्रेरणा


एक मीडिया बातचीत में अलीजेह ने कहा, आलिया भट्ट की फिल्म हाईवे उस समय देखी जब मैं कॉलेज से घर लौट रही थी। इस फिल्म को देखकर एहसास हुआ कि मुझे भी अभिनय में करियर बनाना चाहिए। निर्देशक और अभिनेता नई पीढ़ी के साथ सिनेमा को जोड़ रहे हैं। इसके बाद मैंने वर्कशॉप में हिस्सा लेना शुरू किया। इंडस्ट्री में आने के लिए मैंने अपनी स्किल्स को निखारा और अभ्यास करती रही।

### फिल्म से बहुत कुछ सीखा

अलीजेह अग्निहोत्री ने मीडिया बातचीत को आगे बढ़ाते हुए कहा, मैंने अपनी सभी ऑडिशन की रील बनाई और सोशल मीडिया पर साझा की। लोगों से मुझे अच्छी प्रतिक्रिया मिलने लगी। फिर मैंने सौमेंद्र पाढ़ी की फिल्म फर्रे से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। इस फिल्म से मैंने बहुत कुछ सीखा है। सौमेंद्र पाढ़ी सर के साथ काम करने का अनुभव शानदार रहा है।

### इस दिन हुई रिलीज

अलीजेह अग्निहोत्री की फिल्म की बात करें तो फर्रे का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सौमेंद्र पाढ़ी ने किया है। फिल्म में अलीजेह अग्निहोत्री के अलावा साहिल मेहता, जेन शॉ, प्रसन्ना बिष्ट, रोनित रॉय और जूही बब्बर सोनी मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 24 नवंबर, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई।






# शाहरुख के साथ अपने रिश्ते पर सलमान ने की बात

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने हाल ही में अपने और शाहरुख खान के रिश्ते को लेकर खुलासा किया है। एक बातचीत के दौरान सलमान ने शाहरुख के साथ अपनी ऑफ-स्क्रीन और ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री के बारे में बात की है। इसके साथ ही फैंस को टाइगर 3 शो के दौरान पटाखे फोड़ने के खिलाफ चेतावनी भी दी। सलमान खान हाल ही में एक बातचीत में कहा, हमारी ऑफ-स्क्रीन केमिस्ट्री हमारी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री से बेहतर है, जब ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री इतनी अच्छी है, तो आप ऑफ-स्क्रीन केमिस्ट्री को समझ सकते हैं। इस वर्ष की शुरुआत में सलमान खान ने सिद्धार्थ आनंद की जासूसी थ्रिलर फिल्म पठान में शाहरुख खान के लिए कैमियो किया था।

### ट्रोलिंग को नहीं समझते सलमान

शाहरुख की पठान के बाद दिवाली पर सलमान की फिल्म टाइगर 3 रिलीज हुई है। सलमान की टाइगर 3 में शाहरुख खान कैमियो रोल में नजर आए है। इसके अलावा वाईआरएफ की फिल्म टाइगर बनाम पठान में दोनों स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए नजर आएंगे। सलमान खान ने कहा, मैं हमेशा अपने फैंस से कहता हूं कि वह आपके भाई का भाई है, इसलिए उसे कुछ नहीं होना चाहिए। इसलिए मेरे फैंस ने इतना कुछ नहीं किया। मैं इतना सोशल मीडिया नहीं देखता, मैं ट्रोलिंग को नहीं समझता, इसलिए जो चीज मुझे समझ में नहीं आती वह मुझे ज्यादा परेशान नहीं करती, न ही शाहरुख को।



### सलमान ने फैंस को दी थी चेतावनी

सलमान खान ने इससे पहले एक इंटरव्यू में बताया था, सोशल मीडिया पर फैंस क्लब एक-दूसरे को ट्रोल कर रहे हैं। साथ ही प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इसी दौरान उन्होंने दिवाली पर टाइगर 3 की रिलीज के जश्न में सिनेमा हॉल के अंदर फैंस द्वारा पटाखे चलाने को लेकर बात की थी। सलमान ने कहा था, ऐसा मत करो। ये बहुत खतरनाक है, बिल्कुल भी अच्छा नहीं है। अगर ये प्रशंसक सोचते हैं कि वे ऐसा करके मेरा सम्मान अर्जित करते हैं, तो ऐसा नहीं है। आग लग सकती है और लोगों की जान जा सकती है और मैं नहीं चाहता कि कोई दुर्घटना हो।

# हमेशा गुणवत्ता वाले किरदार करने पर फोकस रहा है

लंबे वक्त बाद ही सही विजय वर्मा ने इंडस्ट्री में अपने पैर अच्छी तरह जमा लिए हैं। डार्लिंग्स, जाने जां, गली बॉय और लस्ट स्टोरीज जैसे प्रोजेक्ट्स के जरिए उन्होंने दर्शकों के बीच अच्छी जगह बनाई है। मगर, यहां तक पहुंचने में विजय वर्मा को खूब पापड़ बेलने पड़े। कई रिजेक्शन मिले तो कई प्रोजेक्ट हाथ में आने के बाद भी निकल गए। हाल ही में अभिनेता अपने संघर्ष भरे दिनों का जिक्र करते दिखे। अभिनेता विजय वर्मा हाल ही में अपने संघर्ष भरे दिनों पर चर्चा करते नजर आए। उन्होंने बताया कि तमाम चुनौतियों का सामना करने के बाद वे यहां तक पहुंचे है। अभिनेता ने कहा कि उनका फोकस हमेशा गुणवत्ता वाले किरदार करने पर रहा है। एक्टर ने बताया उस समय उनके पास एक किरदार का ऑफर आया। उन्हें एक रिपोर्टर का छोटा सा रोल अदा करना था। एक दिन के उन्हें तीन हजार रुपये दिए जा रहे थे। मनपसंद किरदार ने होने के बावजूद आर्थिक दिक्कतों के चलते उन्होंने यह रोल अदा करने का फैसला लिया। जैसे ही उन्होंने इसकी शूटिंग शुरू की, उन्हें यह अहसास हो गया कि उनका दिल और मन इस किरदार को करने के लिए राजी नहीं है। इसका नतीजा यह हुआ कि इसमें वह बेहतर तरीके से परफॉर्म नहीं कर पाए। अभिनेता ने बताया कि इस किरदार को अदा करते हुए चुनौती यह थी कि इसके डायलॉग अंग्रेजी में थे, जिससे उनके लिए एक अंग्रेजी रिपोर्टर की भूमिका निभाना मुश्किल हो गया। नतीजतन, उन्हें सेट से निकाल दिया गया। इसका विजय वर्मा को काफी अफसोस हुआ, लेकिन साथ ही उन्होंने एक अहम फैसला भी लिया। विजय वर्मा ने बताया, मैंने तब तक मॉनसून शूटआउट की शूटिंग पूरी कर ली थी। इसलिए मैंने जब तक अहम भूमिका निभाई थी। लेकिन, जब मैं इस अनुभव से गुजरा तो वापस लौटते हुए रो रहा था। उस समय मैंने खुद से यह वादा किया कि अब कभी भी पैसे के लिए मैं कुछ भी नहीं करूंगा। यह, घटना 2014 में हुई थी। तब से मैंने पैसे के लिए कुछ नहीं किया है।



# मिर्जापुर 3 को लेकर उत्साहित हैं अली फजल, कहा- रोमांचक मोड़ लाएगा उनका किरदार

मिर्जापुर फ्रेंचाइजी में गुड्डू भैया का किरदार निभाने वाले एक्टर अली फजल ने अपकमिंग सीजन के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, इस बार, यह गुड्डू भैया का और भी अधिक दिलचस्प और शानदार परफॉर्मेंस होने वाला है। अली ने आगे कहा, सीजन 2 में गेम के बाद गुड्डू अब सीजन 3 में सच्ची भावना के साथ वापस आने के लिए तैयार है। गुड्डू पंडित के फैंस सीजन 2 में मेरे कम समय के स्क्रीन पर आने के बारे में सोच रहे थे, लेकिन मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि सीजन 3 में जो आने वाला है उससे वे ज्यादा खुश होंगे। निर्माताओं ने निश्चित रूप से इस सीजन को बढ़ाया है और गुड्डू रोमांचक मोड़ लाएगा, क्योंकि गुड्डू एक्शन में वापस आ गया है। मिर्जापुर एक क्राइम थ्रिलर है जिसमें अली फजल, रसिका दुग्गल, श्वेता त्रिपाठी, विजय वर्मा और पंकज त्रिपाठी ने अभिनय किया है। मिर्जापुर 2 की मनोरंजक कहानी एक दिलचस्प क्लिफ-हैंगर पर समाप्त हुई। कहानी अखंडानंद त्रिपाठी (पंकज त्रिपाठी) की है, जिन्हें कालीन भैया के नाम से भी जाना जाता है, जो उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र में माफिया डॉन और मिर्जापुर के शासक है।

# यमुना पुश्ता के समानांतर बनेगी एलिवेटेड रोड

## एसीईओ की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित, रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश





**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण अब यमुना पुस्तक की समानांतर वैकल्पिक मार्ग बनाने पर विचार कर रहा है। इस योजना को अमली जामा पहनाने के लिए प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ) संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है जो प्राथमिकता के आधार पर अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर प्राथमिक रिपोर्ट सौपेंगी। इस योजना को धरातल पर उतरने के लिए नोएडा प्राधिकरण, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम की भी मदद लेगा।

दरअसल नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर यातायात की बढ़ते दबाव को कम करने के लिए प्राधिकरण यमुना पुश्ता के समानांतर एलिवेटेड रोड बनाने की योजना पर गंभीर है। इसको लेकर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डॉ. लोकेश एम की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को एक बैठक की गई।

इस बैठक में प्राधिकरण के एसीईओ संजय कुमार खत्री, एसीईओ सतीश पाल तथा अन्य शीर्ष अवसर मौजूद थे। इसके अलावा उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम तथा परामर्श दाता कंपनी सीएमसी के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

# मैं शपथ लेता हूं कि, विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाउंगा : सिंधिया

गौतमबुद्धनगर। केंद्रीय मंत्री नागरिक एवं उड्डयन विभाग ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि विकसित भारत के निर्माण में हर देशवासी की भूमिका अहम है। हमें गुलामी की मानसिकता से मुक्ति के लिए हरसंभव प्रयास करने चाहिए और देश की एकता और एकजुटता के लिए हमें मिलकर रहना चाहिए। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के तहत विकासखंड बिसरख के ग्राम पंचायत महावड़ में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यह बात कही। इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल मोड के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रतिभागियों को संबोधित किया गया, जिसका कार्यक्रम में सजीव प्रसारण हुआ।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देशभर में आगामी 26 जनवरी 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा संचालित की जा रही है, जिसके माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करते हुए आम जनमानस को योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं, जिनमें विभिन्न विभागों के द्वारा अपने-अपने विभागों से संबंधित स्टॉल लगाकर संचालित योजनाओं की जानकारी आम जनमानस को उपलब्ध कराई जा रही है।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य जन सामान्य/आम नागरिकों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में जागरुक करते हुए उनको योजनाओं के लाभ से




लाभान्वित करना है, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ सीधा पहुंच सके। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

उन्होंने अधिकारियों एवं जनसामान्य को पंच प्रण की शपथ दिलाते हुये कहा कि ''मै शपथ लेता हूॅ कि, विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाउॅंगा, मैं शपथ लेता हूॅ कि गुलामी की मानसिकता से मुक्ति के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।''मैं शपथ लेता हूॅ कि देश की समृद्धि विरासत पर गर्व करूंगा और इसके उत्थान के लिए हमेशा कार्य करता रहूॅगा। मैं शपथ लेता हूॅ कि देश की एकता और एकजुटता के लिए सदैव प्रयासरत रहूॅगा। मैं शपथ लेता हूॅ कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का पालन करूंगा। मैं शपथ लेता हूॅ कि देश के गौरव के लिए प्राण देने वाले वीरों से प्रेरित होकर, राष्ट्र की रक्षा, सम्मान और प्रगति के लिए समर्पित रहूॅंगा।कार्यक्रम के अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारियों के द्वारा अपने-अपने विभागों में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर नगर पालिका दादरी अध्यक्ष गीता पंडित, ब्लॉक प्रमुख तथा जनप्रतिनिधि के अलावा मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, अपर जिलाधिकारी भू0/अ0 बलराम सिंह, उपनिदेशक कृषि राजीव कुमार, जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव, जिला उद्यान अधिकारी शिवानी तोमर, जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी विपिन अग्रवाल, खंड विकास खंड विकास अधिकारी अभिषेक सिंह, जिला अग्रणी प्रबंधक प्रबंधक विदुर भल्ला तथा अन्य विभागों के अधिकारी व स्टॉफ उपस्थित रहा।

# नोएडा में बनेंगे सबसे ज्यादा मोबाइल फोन, हजारों युवाओं को मिलेगा रोजगार




**नोएडा (चेतना मंच)।** केंद्रीय रेल, संचार और इलेक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिक मंत्री अश्वनी वैष्णव ने गुरुवार को नोएडा के सेक्टर 68 में डिक्सन टेक्नोलॉजी प्रा. लि. की नई इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग इकाई का विद्युत विधिवत उद्घाटन किया।

नई मैन्युफैक्चरिंग इकाई इलेक्ट्रानिक उत्पादों के साथ साथ स्मार्ट फोन का उत्पादन करती है। इस इकाई की शुरूआत होने से नोएडा में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने इस अवसर पर कहा कि आज भारत में इस्तेमाल किए जाने वाले स्मार्ट फोन 99 प्रतिशत से ज्यादा स्थानीय स्तर पर निर्मित हो रहे हैं। मोबाइल विनिर्माण उद्योग 44 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि अब नोएडा में सबसे ज्यादा मोबाइल फोन बनेंगे।

आपको बता दें कि नोएडा में आज से शुरु हुई इस नई इकाई की उत्पादन क्षमता 25 मिलियन वार्षिक मोबाइल उत्पादन करने की है। यह यूनिट 2.7 लाख वर्ग फीट क्षेत्र में बनाई गई है। इसको विकसित करने में 256 करोड रुपये का निवेश किया गया है

इस मौके पर अध्यक्ष और निदेशक, डिक्शन टेक्नोलॉजी सुनील वाचानी तथा प्रबंध निदेशक एवं वाइस चेयरमैन अतुल लाल समेत कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# ग्रेटर नोएडा में दौड़ेगी 'विकास एक्सप्रेस', निकाले 30 करोड़ के टेंडर

## रोड, नाली, जलापूर्ति व सीवर सिस्टम को दुरुस्त करने पर होगा काम

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने रोड, सीवर, नाली व जलापूर्ति से जुड़े 13 कार्यों के लिए टेंडर निकाले हैं। एक माह में टेंडर प्रक्रिया को पूरा कर ये कार्य शुरू कराए जाएंगे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रेटर नोएडा में निर्माण व अनुरक्षण के कार्यों को तीव्र गति से कराने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में प्राधिकरण के परियोजना विभाग ने कई कार्यों के लिए टेंडर निकाल दिए हैं। प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि सेक्टर ईकोटेक वन एक्सटेंशन तथा कासना 06 प्रतिशत आबादी से उत्सर्जित होने वाले सीवेज को पंपिग कर एसटीपी तक पहुंचाने के लिए पंपिंग स्टेशन का निमार्ण, अनुरक्षण एवं संचालन करने के लिए 4.26 करोड़ रुपये के टेंडर जारी किए हैं। ग्रेटर नोएडा के जोन एक के सेक्टरों व गांवों, मसलन अल्फा, बीटा, गामा, डेल्टा, नॉलेज पार्क वन, टू, थ्री, तुगलपुर, रामपुर, नवादा आदि में तीन साल तक सीवरेज सिस्टम के रखरखाव व संचालन के लिए 5.96 करोड़ रुपये के टेंडर जारी किए गए हैं। सेक्टर म्यू टू, ज्यू टू, ओमीक्रॉन वन ए, ग्राम




घोड़ी-बछेड़ा और इकोटेक 9, 10, 11 व ग्राम, सिरसा, लड़पुरा मायचा तथा सादोपुर व बादलपुर के आंतरिक सीवरेज सिस्टम का तीन वर्ष तक अनुरक्षण कार्य करने के लिए 5.32 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया गया है। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर टेकजोन 4 व सेक्टर एक में जलापूर्ति वितरण लाइन उपलब्ध कराने व बिछाने के लिए लगभग 1.67 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किए गए हैं। इस तरह कुल 13 कार्यों के लिए लगभग 30 करोड़ रुपये के टेंडर जारी किए गए हैं। एक माह में टेंडर प्रक्रिया पूरा कर नए साल से शुरुआत करने की तैयारी है।

# नोएडा मेट्रो के विस्तार का डीपीआर तैयार

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा मेट्रो रेल कॉपोरेशन (एनएमआरसी) ने एक्वा लाइन मेट्रो के




विस्तार की डीपीआर तैयार कर लिया है। डीपीआर तैयार कर नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को सैद्धांतिक स्वीकृति हेतु प्रेषित कर दिया गया है।

यह रूट चालू होने के बाद ग्रेनो वेस्ट मेट्रो लाइन की नहीं बल्कि डीएमआरसी के नोएडा बाटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन को एक्वा लाइन के सेक्टर-142 मेट्रो स्टेशन से जोड़गी। बाटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन को एक्सप्रेस-वे होते हुए नोएडा सेक्टर-142 मेट्रो स्टेशन से जोड़ा जाएगा। 11.56 किलोमीटर लम्बे इस रूट पर आठ स्टेशन बनाए जाएंगे। यह सभी स्टेशन एलिवेटेड रहेंगे।

इन आठ स्टेशनों में बोटैनिकल गार्डन, नोएडा सेक्टर-44, नोएडा प्राधिकरण ऑफिस, सेक्टर-96, नोएडा सेक्टर-97, नोएडा सेक्टर-105, नोएडा सेक्टर-108, नोएडा सेक्टर-93, पंचशील बालक इण्टर कॉलेज।

बोटैनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन पर दिल्ली मेट्रो के ब्लू लाइन और मजेंटा लाइन का इंटरचेंज स्टेशन पहले से ही है। इसी स्टेशन पर एक्वा लाइन के लिए भी इंटरचेंज स्टेशन बनाया जाएगा। नया इंटरचेंज स्टेशन बनने से यात्री एक लाइन से अन्य किसी भी दो लाइन के मेट्रो को पकड़ सकेंगे। डीपीआर के मुताबिक परियोजना की कुल लागत 2254 करोड़ 35 लाख रुपये आएगी।

## जिला बदर बदमाश गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना जारचा पुलिस ने एक जिला बदर बदमाश को तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने कुछ दिनों पूर्व जिला बदर किया था। जिला बदर होने के बावजूद भी आरोपी जिले की सीमा में बैखौफ घूम रहा था।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि रसूलपुर ठेके के पास एक बदमाश तमंचे के साथ खड़ा हुआ है। बदमाश किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर गश्त टीम की अगवाई कर रहे उप निरीक्षक दिनेश मलिक ने बताए गए स्थान पर छापा मारा। पुलिस टीम ने मौके से आरोपी को तमंचे के साथ दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम हरिओम सिसोदिया पुत्र राजाराम सिंह निवासी ग्राम बिसरा बताया।

थाना प्रभारी के मुताबिक पकड़ा गया हरिओम सिसोदिया जिला बदर बदमाश है। उसकी आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए पुलिस ने उसे कुछ दिनों पूर्व जिला बदल किया था। आरोपी के खिलाफ 3/10 गुंडा अधिनियम तथा आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# नोएडा के टॉयलेट साख या दाग, नोएडवासी करें फैसला



**नोएडा (चेतना मंच)।** वर्ल्ड टॉयलेट डे पर चेन्नई में केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के नोएडा शहर में बनाये गये टॉयलेट ने काफी सुर्खियां बटोरी थी। नोएडा में खासतौर पर महिलाओं के लिए बनाये गये पिंक टॉयलेट पर सबकी नजर रही। लेकिन असलियत इसके बिल्कुल फर्क है। नोएडा के कई सेक्टरों में बनाये गये टॉयलेट बेहद गंदे हैं, अब यह शहरवासियों को तय करना है कि नोएडा में बनाये गये टॉयलेट नोएडा की साख हैं या दाग।




### नोएडा में नहीं थे सार्वजनिक शौचालय

उत्तर प्रदेश के शो विंडो शहर नोएडा में कुछ वर्षों पूर्व सार्वजनिक टॉयलेट नहीं थे। लेकिन नोएडा को हाईटेक शहर बनाने के लिए नोएडा प्राधिकरण की पूर्व सीईओ श्रीमती रितु माहेश्वरी ने नोएडा में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट व पुरूषों के लिए सार्वजनिक शौचालय की संख्या को बढ़ाने का काम किया। नोएडा प्राधिकरण के दायरे में 120 यूरिनल ब्लॉक, 117 पब्लिक टॉयलेट, 67 कम्युनिटी टॉयलेट और 16 पिंक टॉयलेट हैं। इन टॉयलेटस की बदौलत नोएडा को स्वच्छ भारत सर्वेक्षण के तहत ओडीएफ++ का सर्टिफाइड किया गया है।

### नोएडा के कई टॉयलेट बेहद गंदे

देश भर में चर्चा का विषय बने नोएडा के टॉयलेट की अब कुछ अलग ही तस्वीर सामने आयी है। सोशल नेटवर्किंग साइड x (टिवटर.....) पर राकेश कुमार झा नामक यूजर ने नोएडा के गंदे टॉयलेट से पर्दा उठाया है। उन्होंने (टिवटर) पर नोएडा के गंदे टॉयलेट की कुछ तस्वीरें पोस्ट करते हुए नोएडा प्राधिकरण के सीईओ को टैग किया है। फोटो के साथ राकेश कुमार ने लिखा है 'कुछ दिनों पहले अखबारों के माध्यम से पढ़ा था कि पब्लिक टॉयलेट के कारण नोएडा की साख पूरे देश में बढ़ी है। शायद उन्हें पता नहीं कि दिखावे के लिए बनाए गए हैं। इन टॉयलेट में आप अंदर जा नहीं सकते, नोएडा के सीईओ से आग्रह है कि टॉयलेट का निरीक्षण कर उन्हें ठीक करवाएं। नोएडा के इन गंदे टॉयलेट की फेटोज सोशल मीडिया पर आने के बाद अब फैसला नोएडा के लोग करें कि नोएडा के टॉयलेट साख हैं या नोएडा के लिए दाग।'

